हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

होली विशेषांक

# सोन वर्षा वाणी

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, बव, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • मंगलवार • 03 मार्च 2026 • वर्ष 27 • अंक 92 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अच्छी पढ़ाई और अनुशासन के लिए प्रसिद्ध विद्यालय... मॉडर्न।

## MODERN ENGLISH SCHOOL, NAWADA

AFFILIATED TO C.B.S.E, NEW, DELHI, UP TO 10+2

बिहार एवं झारखण्ड के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में से एक...... मॉडर्न।

ADMISSION OPEN for Session 2026-27 Nur. to IXth



Class 12th Students

हैंडबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत देशभर में मॉडर्न के खिलाड़ियों ने लहराया परचम...




MODERN ENGLISH SCHOOL, KUNTI NAGAR, NAWADA (BIHAR)
GOLD MEDALISTS (HANDBALL)

C.B.S.E. की 10th व 12th बोर्ड परीक्षा - 2025 में भी मॉडर्न बना जिला टॉपर्स

नर्सरी से नवम वर्ग तक रजिस्ट्रेशन जारी...




CBSE 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर

2025: माही लावण्या 98.40%, तन्मय रंजन 96.00%

2024: गुलशन कुमार 98.20%, अर्चिता कुमारी 97.33%

CBSE 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिला टॉपर

2025: दुर्गेश नंदिनी 96.00%, निखिल राज 94.00%

2024: दीप्ति सिंह 91.00%, मो. रफीउल इमाद 89.00%

नामांकन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14.02.2026

नामांकन जांच परीक्षा की तिथि 15.02.2026

कुंती नगर, नवादा (बिहार) | मो.-9472963916, 9798223976, 8409965485

# संक्षिप्त समाचार

## सीओ-आरओ रहे कलमबंद हड़ताल पर,लगाया काला बिल्ला

**कौआकोल।** बिहार के सीओ सहित राजस्व सेवा के अन्य अधिकारी एक बार फिर से होली के बाद से हड़ताल पर जाने वाले हैं। जिसको लेकर सीओ एवं आरओ ने सोमवार को कलमबंद हड़ताल कर काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि सरकार से हुए समझौतों को लागू करने को लेकर संघ के आहवान पर दो मार्च को राज्यव्यापी सामूहिक कलमबद्ध (पेन डाउन) और काला बिल्ला लगाने का निर्णय लिया गया है। अगर इसके बाद भी सरकार की ओर से अविलंब सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो राजस्व अधिकारी 06 मार्च से हड़ताल पर जाने सहित अन्य निर्णय लेने को स्वतंत्र होंगे। उन्होंने बताया कि बिहार राजस्व सेवा संघ के पदाधिकारियों ने इस बाबत उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को पत्र भेजकर सूचना दे दी है। पत्र में कहा गया है कि संघ के अधिकारी दो से छह फरवरी तक सामूहिक अवकाश पर रहे। इस दौरान पांच फरवरी को संघ से उपमुख्यमंत्री और विभाग के प्रधान सचिव ने बातचीत की। सात बिंदुओं पर सहमति बनी। तय हुआ कि डीसीएलआर के पद पर राजस्व सेवा के अधिकारी ही तैनात होंगे,जबकि डीसीएलआर का पद परम्परागत रूप से बिहिार राजस्व सेवा की प्रोन्नति का पद रहा है। संघ को आश्वस्त किया गया था कि 12 फरवरी तक विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया जाएगा। लेकिन अब तक वह नहीं हो सका। संघ की ओर से अब तक कई बार विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया जा चुका है। इसलिए दो मार्च को सामूहिक कलमबद्ध का निर्णय लिया गया। अगर उस दिन तक सरकार ने कोई निर्णय नहीं लिया तो संघ कोई भी निर्णय लेने को स्वतंत्र होगा। सामूहिक अवकाश की अवधि में प्रशासनिक या विधिक स्थिति के लिए संघ उत्तरदायी नहीं होगा।

## हरसिद्धि में साइबर अपराधी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, चार जवान घायल

हरसिद्धि थाना क्षेत्र अंतर्गत यादवपुर पंचायत के दुदही गांव (वार्ड संख्या 15) में रविवार की शाम साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों और परिजनों ने हमला कर दिया। इस हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम साइबर अपराधी नीरज कुमार,एवं सिकंदर कुमार, को गिरफ्तार करने दुदही गांव पहुंची थी। पुलिस वाहन को देखते ही दोनों आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। इस दौरान नीरज कुमार ने अपना मोबाइल झाड़ियों में फेंक दिया, जिसे पुलिस ने बाद में बरामद कर लिया। पुलिस जब दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर वाहन पर बैठाने का प्रयास कर रही थी, तभी उनके परिजनों एवं ग्रामीणों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में पुलिस टीम के चार जवान घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई। प्राथमिकी में करीब 38 लोगों को नामजद एवं 25 से 30 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को पूछताछ के बाद सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रशिछु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष ऋषभ कुमार ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा, पुलिस पर हमला सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल में अपर थानाध्यक्ष राजेश कुमार, एसआई शिखा कुमारी, एसआई सिराज अहमद सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। अभियान का नेतृत्व प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार ने किया।

## द इंडियन पॉब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**केसरिया, पू.च।** होली के शुभ अवसर पर द इंडियन पॉब्लिक स्कूल में सोमवार को छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के निदेशक रंजन कुमार ने बताया कि समय समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों के बीच खुशी और उत्साह एवं आत्म क्लिश्वास बढ़ता है। साथ ही संस्था के संचालक नौशाद आलम ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कला कौशल और भारतीय परंपराओं के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। विद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने रंग-बिरंगे फूलों, रंगों और दीयों का उपयोग कर सुंदर और आकर्षक रंगोलियां बनाया तथा निर्णायक मंडल ने रचनात्मकता, सौंदर्य और विषय की प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन करते हुए सभी सफल प्रतिभागियों को मेडल से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सभी शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष गिरी, पप्पू कुमार, राजदेव ठाकुर, राजू कुमार, रितेश कुमार, आनंद कुमार, मुन्ना कुमार सहित सभी महिला शिक्षकों का योगदान रहा। वहीं विद्यालय परिवार ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

## विभिन्न संस्थाओं में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन




**केसरिया, पू.च।** नगर पंचायत के नया बाजार स्थित संत जेवियर्स स्कूल में सोमवार को होली मिलन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के चैयरमैन आशीष जायसवाल, निदेशक संजोली जायसवाल, प्राचार्य शाइमन मार्टिन एवं अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद बच्चों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। विद्यालय में शैक्षणिक सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले श्रेया पांडेय, अंकुश कुमार, उत्तम कुमार, कायरा सिंह, आयुष कुमार, शिक्षा भारती सहित करीब तीन दर्जन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बच्चों ने होली गीतों पर रंगारंग समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इधर, केसरिया चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं केसरिया केमिस्ट व ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में आर्य समाज मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में चेम्बर अध्यक्ष शुभम राज, उपाध्यक्ष राजीव कुमार, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, पूर्व महासचिव राकेश कुमार रत्न, डॉ राकेश कुमार अनिल सर्राफ समेत कई व्यवसायियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। समारोह में आपसी एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने पर बल दिया गया।

# आपसी प्रेम, सौहार्द और शिक्षा के संकल्प के साथ मना होली मिलन समारोह

### गुलाल की रंगत में घुला भाईचारे का संदेश, छात्रावास निर्माण में सहयोग का आह्वान



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** सामाजिक सद्भाव, पारस्परिक प्रेम और शिक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी के संकल्प के साथ नवादा नगर के मिर्जापुर–नैनोरा रोड स्थित मौर्य नगर में निर्माणाधीन कुशवाहा छात्रावास परिसर में कुशवाहा सेवा समिति द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रंग-अबीर और पारम्परिक फागुनी गीतों से सजा यह समारोह न केवल सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बना, बल्कि छात्रावास निर्माण कार्य में समाज के लोगों से सहयोग देने का आह्वान भी किया गया। समारोह का उद्घाटन समिति की अध्यक्ष श्रीमती ललिता कुमारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि होली आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है। इसी भावना के साथ समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर छात्रावास निर्माण जैसे शैक्षणिक कार्य में आगे आना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। पारम्परिक होली गीतों—"गोरिया कर के सिंगार अंगना में पिसे ली हरदिया" एवं "होली खेले रघुवीरा अवध में"—पर महिलाओं और युवाओं ने जमकर ठुमके लगाए, जिससे पूरा परिसर फागुनी रंग में रंग गया।गायन मंडली ने होली गीतों से महफ़िल को पूरी तरह सजा दिया।महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी समारोह का विशेष आकर्षण रही। समारोह में आए अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं गुलाल लगाकर किया गया। आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया।समारोह में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा, जदयू नेता डॉ सतीश कुशवाहा, पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद, रामचंद्र कुमार सोनी, यमुना प्रसाद, डॉ. मनोज कुमार अरूंजय मेहता, सुरभि कुमारी, अंजुलता कुमारी, अनुराधा सिन्हा, सुरुचि कुमारी, पूनम सिन्हा, डॉ विनीता प्रिया, अन्नू कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में समिति की ओर से छात्रावास निर्माण कार्य में तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि यह छात्रावास समाज के गरीब एवं प्रतिभावान बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। होली मिलन समारोह ने जहां एक ओर सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत किया, वहीं शिक्षा और समाज सेवा के लिए सामूहिक भागीदारी का मजबूत संदेश भी दिया।

## हिंदी ग़ज़ल पर शोध कर आनंद वर्धन बने 'डॉक्टर', वारिसलीगंज में खुशी की लहर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज।** नगर परिषद क्षेत्र के माफी निवासी रौशन सिंह के पुत्र आनंद वर्धन ने पटना विश्वविद्यालय से "हिंदी ग़ज़ल और बिहार : एक अनुशीलन" विषय पर शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। 26 फरवरी 2026 को पटना विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में आयोजित खुली मौखिकी (ओपन वाइवा) में उन्होंने अपने शोध प्रबंध के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा परीक्षकों के सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। मौके पर बाह्य परीक्षक के रूप में विश्व भारती, शांति निकेतन से ऑनलाइन जुड़े प्रो. (डॉ.) मुक्तेश्वर नाथ तिवारी, शोध निदेशक प्रो. (डॉ.) इंद्र नारायण सिंह तथा हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) विजय कुमार ने यूजीसी के प्रावधानों के तहत उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान करने की संस्तुति की। इस उपलब्धि पर पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) तरुण कुमार सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों में हर्ष का वातावरण देखा गया। बताया जाता है कि आनंद वर्धन पूर्व में यूजीसी नेट-जेआरएफ भी उत्तीर्ण कर चुके हैं।

वर्तमान में वे माननीय पटना उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति शशि भूषण प्रसाद सिंह की पीठ में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक सफलता से वारिसलीगंज क्षेत्र में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय बुद्धिजीवियों और शोधार्थियों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। भूतपूर्व शिक्षक मिथिलेश सिंह, परशुराम सिंह, नागेंद्र शर्मा 'बंधु', डॉ. गोविंद जी तिवारी एवं संजय कुमार 'मंगल' सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## होली पर सीवान में सख्ती 'लहरिया कट' बाइकर्स और अश्लील गीतों पर कड़ा एक्शन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सीवान ।** होली पर्व को लेकर जिले में विधि-व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी विवेक कुमार मैत्रेय और एसपी पुरन कुमार झा ने संयुक्त रूप से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग कर स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी हाल में कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं होगा।

**लहरिया कट' बाइकर्स पर सख्त कार्रवाईः** एसपी ने दो टूक कहा कि लहरिया कट चलाने वाले बाइकर्स पर विशेष नजर रखी जाएगी। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी थानों को 24 घंटे पेट्रोलिंग, खासकर संवेदनशील इलाकों में, करने का निर्देश दिया गया है। रेलवे स्टेशन और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अर्ली मॉर्निंग और लेट नाइट विशेष गश्ती अभियान चलेगा। छोटे-छोटे गलियों में भी बाइक पेट्रोलिंग की व्यवस्था रहेगी।

**डीजे और अश्लील गानों पर पूर्ण रोकः** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि होली के दौरान डीजे या टैंपू व ई-रिक्शा में अश्लील गाना बजते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। लोकगीतों के नाम पर अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जहां भी शिकायत मिलेगी, त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

**शराबबंदी पर जीरो टॉलरेंसः** जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है। पर्व के दौरान चोरी-छिपे शराब बेचने या सेवन करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए वाहनों की लगातार जांच की जाएगी।

**होलिका दहन के लिए फायर ब्रिगेड अलर्टः** होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है।

बिजली विभाग को लूज वायर दुरुस्त करने और शॉर्ट सर्किट से बचाव सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक और एम्बुलेंस अलर्ट रहेंगे।

**सोशल मीडिया पर पैनी नजरः** अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।अंत में प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि होली को हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाएं तथा कानून को अपने हाथ में न लें।

## खपुरा गांव में शाही परिवार की ओर पारंपरिक होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन आगंतुकों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के खपुरा गांव में होली मिलन समारोह आयोजित की गई। डुमरावां ग्राम पंचायत के दिवंगत मुखिया यदुनंदन शर्मा के पुत्र डुमरावां पंचायत का भावी मुखिया उम्मीदवार राजेश कुमार सह शाही परिवार के ओर से हर साल की तरह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार शाही, मुकेश कुमार एवं विनय कुमार उर्फ पिंटू सिंह ने होली मिलन समारोह में शामिल हुए लोगों का स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। सभी को अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। दिवंगत मुखिया के पुत्रों ने बताया कि उनके पिता प्रतिवर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन कराते थे। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर उनके पुत्र हरेक वर्ष अपने गांव में होली मिलन समारोह आयोजित कराते आ रहें हैं। भर फागुन महीना रंग ले पिया, भर फागुन महीना। ढोलक हरमुनिया के संग ले पिया भर फागुन महीना रंग ले। आज बिरज में होली रे रसिया, लड़का है गोपाल, कूद पड़े यमुना में। होली के पारंपरिक गीतों पर लोग थिरकते नजर आए। लोगों के लिए पकौड़ी, शरबत आदि का प्रबंध किया गया था। समाजसेवी राजेश कुमार ने कहा कि होली मिलन से हमारी संस्कृति प्रागाढ़ होती है।

इससे आपसी एकता मजबूत होती है और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजसेवी अरविंद कुमार शाही होली मिलन समारोह में उपस्थित लोगों को सम्मानित करते हुए क्षेत्र एवं पंचायत के आम जनता से होली पर्व को आपसी भाईचारा प्रेम एवं पौराणिक रीति रिवाज के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का अपील करते हुए कहा कि समाज में आपसी देश को मिटाते हुए नशाखोरी से दूर रहकर सौभाग्यपूर्ण वातावरण में हर वर्ग एवं समुदाय के साथ कुशल व्यवहार के साथ होली का पवन पर्व मनाया जाना चाहिए पुरानी छोटी-मोटी आपसी विवाद को भूलाकर सहृदय आपस में प्रेम के साथ मिल जुल कर होली के रंगों से रंग विभोर होकर होली महापर्व मानने का जरूरत है जिससे समाज में अपनापन का संदेश मिलता है।

।इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ग्रामीण पंकज कुमार रविकांत पूनम महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. रविकांत उर्फ अजय सिंह, दिलीप कुमार रंजन,बीरेंद्र शर्मा सुमन प्रसाद सिंह, नवीन कुमार, संजय यादव विनय कुमार पिंटू रमाकांत कान्तु सहित अन्य उपस्थित थे।

## ई0 शशिभूषण सिंह ने अपने छंगरहा आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सुगौली, पूर्वी चंपारण।** होली के पावन अवसर पर सुगौली के राजद के पूर्व विधायक ई० शशिभूषण सिंह ने सोमवार को अपने छंगरहा स्थित आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली मिलन कार्यक्रम में नगर एवं पंचायतों से हजारों समर्थकों की भीड़ पहुंची। कार्यक्रम में भोजन के उपरांत पूर्व विधायक श्री सिंह ने सभी को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इस अवसर पर दावत-ए-इफ्तार का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति सभी धर्मों का समान सम्मान करना सिखाती है, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रंगों का त्योहार पूरे उत्साह और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए, ताकि आपसी भाईचारा बना रहे। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। प्रह्लाद जैसे ईश्वरभक्त की आस्था के कारण वे सुरक्षित रहे, जबकि अहंकार और बुराई का अंत हो गया। कार्यक्रम में रघुनाथ गुप्ता, मुन्ना सिंह, रामनरेश सिंह, बलीराम सिंह, विवेक तिवारी, अखिलेश झा, ताराचंद्र यादव, शकीलुर रहमान, गोल्डेन तिवारी, मनीष सिंह, राहुल सिंह, विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण वातावरण में होली सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी

आंदोलन न्यूज, पूर्वी चंपारण

जिले में होली के पावन पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी आदेश में खलल डालने वालों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जायेगी। जिला प्रशासन के अनुसार होलिका दहन 02 मार्च की रात्रि को संपन्न होगी। जबकि होली पर्व 03 एवं 04 मार्च को मनाया जाएगा। लिहाजा विवादित स्थलों पर होलिका दहन नहीं होगा, इसके लिए समस्त अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। वे खुद होलिका दहन स्थलों का भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लेंगे। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित करें। जबकि शांति समिति के समस्त सदस्यों के संपर्क नंबर थाना प्रभारी अपनी पंजी में संधारित करेंगे। विधि-व्यवस्था पूरी तरह से बहाल रहे फलस्वरूप समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इसके अतिरिक्त सभी अनुमंडल कार्यालयों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं, जो 02 मार्च की दोपहर से 05 मार्च तक अनवरत सक्रिय रहेंगा। जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06252-242418 पर चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगा। जिले भर में चिह्नित 531 स्थानों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पकड़ीदयाल में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, अरेराज में एडीएम शैलेंद्र कुमार भारती, चकिया में एडीएम विभागीय जांच मो. शिबगतूल्लाह, रक्सौल में जिला बंदोबस्त पदाधिकारी कुमार विवेकानंद, सिकरहना में जिला पंचायत राज पदाधिकारी रामजन्म पासवान तथा मोतिहारी सदर में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अरुण कुमार को पूरी तरह से कंट्रोल का उत्तरदायित्व दिया गया है।



### डीएम-एसपी का ज्वाइंट आदेश जारी - डीजे-अश्लील गानों पर रोक के आदेश

उपरोक्त सभी वरीय अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए स्थिति पर नजर रखेंगे। समस्त थानों को अलर्ट मोड में रखा गया है। चौकीदार-दफादारों के माध्यम से आसूचना संग्रह को सुदृढ़ किया जाएगा। दंगा निरोधी दस्ता, एसडीआरएफ टीम, फायर सर्विस, चिकित्सा दल, एंबुलेंस एवं क्विक रिस्पांस टीम को पूर्ण सतर्कता के निर्देश दिए गए है। थाना एवं प्रखंड स्तर पर भी क्यूआरटी का गठन किया गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अफवाहों से बचने के लिए सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। साइबर सेल को एक्टिव मोड में रहेगा। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध तथा अश्लील गानों के प्रसारण पर भी सख्त रोक रहेगी। शराबबंदी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष सतर्कता बरती जाएगी। रेलवे स्टेशन, रेलवे लाइन, बस स्टैंड, आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास भी विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश नगर निकाय एवं संबंधित विभागों को दे दिए गए हैं। सदर अस्पताल एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी आकस्मिक चिकित्सीय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। जिला प्रशासन ने समस्त नागरिकों से शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की है।

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित
मूल्य ₹ 2.00
शुक्ल पक्ष, बव, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • मंगलवार • 03 मार्च 2026 • वर्ष 27 • अंक 92 • पृष्ठ 12

होली विशेषांक
रंगों से भरे इस मौसम में रंगीन हो आपकी पूरी दुनिया

आपको और आपके पूरे परिवार को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,58,650 | ₹ 3,15,000 |

## आज का इतिहास

**1971 :** भारत-पाक युद्ध प्रारम्भ हुआ और भारत की बांग्लादेश मुक्ति बाहिनी की खुले समर्थन की घोषणा हुई।

**2013 :** पाकिस्तान के कराची में 45 लोग एक बम विस्फोट में मारे गए।

शुभकामनाएं
सोन वर्षा वाणी के पाठकों, लेखकों, संवाददाताओं, विज्ञापनदाताओं एवं शुभेच्छुओं को रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
साकेत कुमार संपादक
श्रीराम अम्बष्ट समूह संपादक

### मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच बिहारवासियों की सुरक्षा को लेकर पहल

# खाड़ी देशों में फंसे बिहारियों के लिए सरकार ने जारी की हेल्पलाइन नंबर

निज संवाददाता | पटना

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच खाड़ी देशों में रह रहे बिहारवासियों की सुरक्षा को लेकर बिहार सरकार ने अहम पहल की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रवासी कामगारों की सहायता के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किया है, जो चौबीसों घंटे सक्रिय रहेगा। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा नई दिल्ली स्थित बिहार भवन से हेल्पलाइन नंबर 7217788114 जारी किया गया है। इस नंबर के माध्यम से विदेशों में रह रहे प्रवासी बिहारी और उनके परिजन किसी भी आपात स्थिति में संपर्क कर सकते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि मौजूदा संकट की घड़ी में कोई भी प्रवासी स्वयं को असहाय या अकेला महसूस न करे।



विभाग के सचिव दीपक आनंद ने बताया कि मिडिल ईस्ट में हालात लगातार बदल रहे हैं और कई क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाई की खबरें सामने आ रही हैं। ऐसे में बिहार सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। हेल्पलाइन के माध्यम से न केवल जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर संबंधित दूतावासों और केंद्रीय एजेंसियों से समन्वय भी स्थापित किया जाएगा। विभाग की टीम 24 घंटे निगरानी रखेगी और प्रत्येक कॉल पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। हाल के घटनाक्रम में ईरान और अन्य देशों के बीच बढ़े सैन्य तनाव के कारण कई इलाकों में हवाई हमले और मिसाइल हमलों की खबरें आई हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सैकड़ों लोगों के हताहत होने की सूचना है, जिससे वहां काम कर रहे भारतीय कामगारों और उनके परिवारों में चिंता का माहौल है। विशेष रूप से यूएई, कतर, सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में बिहारी श्रमिक कार्यरत हैं, जिनके परिजन बिहार के विभिन्न जिलों में रहते हैं। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए लगातार हालात पर नजर रखी जा रही है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कदम भी उठाए जाएंगे। सरकार ने प्रवासी बिहारियों और उनके परिवारों से अपील की है कि वे अफवाहों से बचें और किसी भी प्रकार की सहायता के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

## प्रधानमंत्री ने सऊदी क्राउन प्रिंस और बहरीन किंग से की बात, किया हमले की निंदा

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच दो महत्वपूर्ण टेलीफोन वार्ताएं कीं। उन्होंने बहरीन के किंग हामद बिन ईसा अल खलीफा और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से अलग-अलग बातचीत कर हाल ही में हुए हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि भारत हिंसा के किसी भी रूप का विरोध करता है और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने बहरीन और सऊदी अरब में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की और वहां की सरकारों से ताजा स्थिति की जानकारी ली। दोनों नेताओं ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया। खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय कामगार और पेशेवर कार्यरत हैं, जिनकी सुरक्षा भारत सरकार की प्राथमिकता बनी हुई है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने रविवार देर रात संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन ज़ायद अल नाहयान से भी फोन पर बातचीत की थी। उन्होंने यूएई पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करते हुए जनहानि पर शोक व्यक्त किया और इस



कठिन समय में यूएई के साथ भारत की एकजुटता दोहराई। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रधानमंत्री ने लिखा कि भारत तनाव कम करने, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता का समर्थन करता है। साथ ही उन्होंने यूएई में रह रहे भारतीय समुदाय की देखभाल के लिए वहां के नेतृत्व का आभार भी व्यक्त किया। भारत और खाड़ी देशों के बीच मजबूत रणनीतिक, आर्थिक और ऊर्जा साझेदारी है। विशेष रूप से यूएई, सऊदी अरब और बहरीन के साथ व्यापार, निवेश, ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सहयोग और आतंकवाद-रोधी प्रयासों में घनिष्ठ संबंध स्थापित हैं। यूएई और सऊदी अरब में दुनिया के सबसे बड़े भारतीय प्रवासी समुदायों में से एक निवास करता है, जो द्विपक्षीय संबंधों को सामाजिक और सांस्कृतिक आधार भी प्रदान करता है। क्षेत्रीय हालात को देखते हुए भारत लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आवश्यक होने पर अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी कूटनीतिक एवं प्रशासनिक विकल्पों पर विचार कर रहा है।

# पांच लाख घूस लेते इंजीनियर गिरफ्तार, 57 लाख की योजना में 10% कमीशन का खेल उजागर

- शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बिना घूस दिए फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा रही थी।
- ट्रैप ऑपरेशन के दौरान 5 लाख रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार।
- पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई।
- आरोपी से पूछताछ जारी, अन्य कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में।
- आरोपी को कोर्ट में पेश कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### गिरफ्तारी के बाद पूछताछ तेज

गिरफ्तारी के बाद आरोपी अभियंता से गहन पूछताछ की जा रही है। जांच टीम यह पता लगाने में जुटी है कि क्या इस घूसकांड में विभाग के अन्य कर्मचारी या अधिकारी भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, कुछ अन्य नाम भी जांच के दायरे में आ सकते हैं। विभागीय स्तर पर अलग से रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे उच्चाधिकारियों को सौंपा जाएगा।

निज सं. | बेतिया (पश्चिम चंपारण)

शिक्षा विभाग से जुड़ा एक बड़ा घूसकांड सामने आया है। 57 लाख रुपये की रिपेयरिंग योजना के भुगतान के एवज में 10 प्रतिशत कमीशन मांगने के आरोप में सहायक अभियंता को निगरानी टीम ने 5 लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद विभागीय महकमे में हड़कंप मच गया है। मामला शिक्षा विभाग की 57 लाख रुपये की रिपेयरिंग योजना से संबंधित है। रहीमपुर नौतन निवासी शम्स तबरेज ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कार्य पूरा होने के बावजूद भुगतान रोका जा रहा है। आरोप है कि सहायक अभियंता रौशन कुमार द्वारा बिल पास करने के बदले 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की जा रही थी। शिकायत में स्पष्ट किया गया कि बिना कमीशन दिए फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा रही थी, जिससे ठेकेदार आर्थिक दबाव में आ गया। शिकायत मिलने के बाद पटना से आई बिहार निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने पहले आरोपों का सत्यापन किया। प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाए जाने पर टीम ने ट्रैप ऑपरेशन की योजना बनाई।

पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत जैसे ही 5 लाख रुपये की राशि अभियंता को सौंपी गई, टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक सुधीर कुमार की देखरेख में की गई। पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई है, ताकि साक्ष्य मजबूत रह सके। इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच खलबली मच गई है। चर्चा है कि निगरानी विभाग अब अन्य लंबित योजनाओं और भुगतान मामलों की भी जांच कर सकता है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है और कहा है कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। आरोपी अभियंता को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। यदि जांच में आरोप सिद्ध होते हैं तो भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई तय मानी जा रही है। निगरानी विभाग अब इस पूरे मामले की विस्तृत वित्तीय और प्रशासनिक जांच करेगा, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कमीशनखोरी का यह खेल कितने स्तर तक फैला हुआ था।

### होली से पहले आसमान में अद्भुत नजारा, चंद्रमा दिखेगा तांबे जैसा लाल

# आज दिखेगा वर्ष 2026 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण

विशेष संवाददाता | पटना

वर्ष 2026 का पहला महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाक्रम आज घटित होगा, जब आकाश में पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। इस दौरान चंद्रमा पूरी तरह पृथ्वी की प्रच्छाया यानी उसकी घनी छाया में प्रवेश कर जाएगा। पृथ्वी की छाया से ढक जाने के कारण चंद्रमा का रंग सामान्य उजले स्वरूप से बदलकर गहरा लाल या तांबे जैसा हो जाएगा। इसी वजह से पूर्ण चंद्र ग्रहण के दौरान दिखाई देने वाले चंद्रमा को आम बोलचाल में "ब्लड मून" भी कहा जाता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने इस खगोलीय घटना की जानकारी साझा करते हुए बताया है कि यह ग्रहण परिमाण 1.155 का होगा, जो इसे एक गहरा और स्पष्ट पूर्ण चंद्र ग्रहण बनाता है। खगोल विज्ञान के अनुसार जब सूर्य, पृथ्वी



और चंद्रमा एक सीधी रेखा में आ जाते हैं और पृथ्वी सूर्य की रोशनी को चंद्रमा तक पहुंचने से रोक देती है, तब चंद्र ग्रहण की स्थिति बनती है। यदि चंद्रमा पूरी तरह पृथ्वी की घनी छाया, जिसे अम्ब्रा कहा जाता है, में समा जाता है तो उसे पूर्ण चंद्र ग्रहण कहा जाता है। वहीं यदि चंद्रमा का केवल कुछ हिस्सा ही छाया से ढकता है तो उसे आंशिक चंद्र ग्रहण माना जाता है। आज होने वाला ग्रहण पूर्ण श्रेणी का होगा, जिसमें चंद्रमा कुछ समय के लिए पूर्ण रूप से पृथ्वी की छाया में रहेगा और आकाश में उसका रंग परिवर्तित दिखाई देगा।

भारतीय समयानुसार ग्रहण की शुरुआत दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर होगी। शाम 4 बजकर 34 मिनट पर पूर्णता का चरण प्रारंभ होगा और 5 बजकर 33 मिनट तक चंद्रमा पूर्ण रूप से पृथ्वी की छाया में रहेगा। इसके बाद ग्रहण की समाप्ति शाम 6 बजकर 48 मिनट पर होगी। हालांकि भारत के कई हिस्सों में चंद्रमा क्षितिज पर देर से दिखाई देता है, इसलिए वहां मुख्य रूप से ग्रहण का समापन चरण ही नजर आएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि चंद्र ग्रहण को नंगी आंखों से देखना पूरी तरह सुरक्षित है। इसके लिए किसी विशेष चश्मे या सुरक्षा उपकरण की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि यह घटना सूर्य ग्रहण की तरह आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाती। दूरबीन या टेलीस्कोप के माध्यम से देखने पर चंद्रमा का लालिमा लिए हुआ स्वरूप और भी स्पष्ट व आकर्षक दिखाई देता है। विज्ञान के विद्यार्थियों और खगोल प्रेमियों के लिए यह घटना अध्ययन और अवलोकन का उत्कृष्ट अवसर मानी जा रही है। होली के ठीक पहले पड़ने वाला यह चंद्र ग्रहण धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल में सूतक अवधि प्रभावी रहती है, जिसके चलते मंदिरों के कपाट बंद रखे जाते हैं और शुभ कार्य स्थगित कर दिए जाते हैं। ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान करने की परंपरा है और कई लोग नदियों, सरोवरों तथा अन्य जलाशयों में स्नान कर दान-पुण्य करते हैं। इस प्रकार 3 मार्च 2026 का पूर्ण चंद्र ग्रहण न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक परिप्रेक्ष्य में भी विशेष महत्व रखता है।


### भारत समेत कई देशों में दिखेगा ग्रहण

यह चंद्र ग्रहण केवल भारत तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूर्वी एशिया, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के कई हिस्सों में भी देखा जा सकेगा। भारत में अधिकांश स्थानों पर चंद्रोदय के समय ग्रहण का अंतिम चरण दिखाई देने की संभावना है। उत्तर-पूर्वी राज्यों और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के कुछ इलाकों में ग्रहण के पूर्ण चरण का अंतिम हिस्सा भी देखा जा सकता है। मौसम साफ रहने की स्थिति में यह दृश्य और भी स्पष्ट दिखाई देगा।

# उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में चार मार्च को मनेगी होली



**पटना(नि.सं.)।** रंगोत्सव का पर्व होली इस वर्ष 4 मार्च को पूर्वा फाल्गुनी और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के विशेष संयोग में मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार सुबह 7 बजकर 27 मिनट तक पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र का प्रभाव रहेगा, इसके बाद पूरे दिन उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का प्रभाव बना रहेगा। इस संयोग को अत्यंत शुभ माना जा रहा है और मान्यता है कि इस योग में मनाई गई होली विशेष फलदायी होती है। वैदिक सनातन परंपरा के अनुसार होली के दिन रंग खेलने से पहले कुलदेवता, इष्ट देवता और आराध्य देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करना चाहिए। भगवान को अबीर-गुलाल अर्पित कर और भोग लगाकर रंगोत्सव की शुरुआत करना मंगलकारी माना गया है। इसके बाद परिवार और समाज के लोगों के साथ रंग-गुलाल खेलकर पर्व की खुशियां साझा की जाती हैं। ज्योतिष शास्त्र में रंगों का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि होली पर प्रयोग किए जाने वाले रंग केवल उत्सव का माध्यम नहीं, बल्कि ऊर्जा और सकारात्मकता के प्रतीक भी हैं। लाल रंग को शक्ति, साहस और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। यह मंगल और उत्साह से जुड़ा रंग है, जो जीवन में आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार करता है। पीला रंग गुरु और ज्ञान का प्रतीक है।



## महिला दिवस पर हर जिला मुख्यालय में 'रोजगार उत्सव'

**पटना(नि.सं.)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को बिहार में इस वर्ष विशेष पहल की जा रही है। राज्य सरकार ने महिला दिवस को "महिला रोजगार दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत सभी जिला मुख्यालयों पर 'रोजगार उत्सव' के रूप में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में महिला उद्यमी और जीविका दीदियां भाग लेंगी, जहां महिला रोजगार, स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण की प्रगति पर विस्तार से चर्चा होगी। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में विभागीय मंत्री श्रवण कुमार नालंदा में महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करेंगे। जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं शामिल होंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल उपलब्धियों की समीक्षा करना है, बल्कि आगे की रणनीति तय कर महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार से जोड़ना भी है। वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद से महिला सशक्तिकरण को नीति के केंद्र में रखा गया। वर्ष 2006 में विश्व बैंक से ऋण लेकर राज्य में स्वयं सहायता समूह आधारित 'जीविका' कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आज यह अभियान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक रूप ले चुका है।




बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### काराकाट पुलिस की कार्रवाई : देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार,पूर्व केस में दूसरा भी दबोचा गया

**काराकाट /रोहतास** । थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है । थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मूंजी निवासी स्वर्गीय सरोज कुमार के पुत्र छोटू कुमार को पुलिस ने 02 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है । पुलिस ने मौके पर शराब जब्त करते हुए उसे हिरासत में ले लिया । वहीं दूसरी ओर पूर्व से दर्ज शराब मामले में थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी स्वर्गीय वृद्धा पासी के पुत्र दिनेश पासी को भी गिरफ्तार किया गया है । इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा । गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया ।

### दिनारा थाना क्षेत्र में सड़क हादसा : अज्ञात वाहन के चकमा देने से बाइक गिरी,महिला की मौत

**दिनारा /रोहतास**। रविवार की शाम दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत धनसुई मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 32 वर्षीय महिला की जान चली गई । तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक सवार को चकमा दे दिया,जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी । घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया । मिली जानकारी के अनुसार मिर्जापुर गांव निवासी अमरजीत कुमार अपनी भाभी सुनैना देवी पत्नी चंदन चौधरी को दिनारा बाजार से बाइक से घर वापस ले जा रहे थे । इसी दौरान धनसुई मोड़ के समीप तेज गति में आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक को अचानक चकमा दे दिया । वाहन के तेज गुजरने से संतुलन बिगड़ गया और दोनों सड़क पर गिर पड़े । हादसे में बाइक पर पीछे बैठी सुनैना देवी को गंभीर चोटें आई । स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल दिनारा पीएचसी पहुंचाया गया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । वहीं बाइक चला रहे अमरजीत कुमार सुरक्षित बच गए ।घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और परिवार में कोहराम मच गया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया । थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि फरार वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ।

### 21 लीटर देसी महुआ शराब के साथ सुरेंद्र पासवान गिरफ्तार,काराकाट पुलिस की कार्रवाई

**काराकाट /रोहतास**। थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है । जानकारी देते हुए विवेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सकला निवासी सुरेंद्र पासवान को गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया । तलाशी के दौरान उसके पास से 21 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई ।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया । आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा । उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें,ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके ।

### होली को लेकर नटवार बाजार में पुलिस का फ्लैग मार्च,थानाध्यक्ष अजीत कुमार बोले— शांति भंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



**बिक्रमगंज /रोहतास**। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार की देर संध्या नटवार पुलिस ने नटवार बाजार में फ्लैग मार्च किया । फ्लैग मार्च का नेतृत्व थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने किया । इस दौरान थाना के पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे । फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस ने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की । पुलिस बल बाजार के प्रमुख मार्गो से होते हुए संवेदनशील स्थानों तक पहुंचा और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया ।इस मौके पर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि होली पर्व को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है । उन्होंने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की हुड़दंग,जबरन रंग लगाने या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी । आम लोग निर्भय होकर त्योहार मनाएं,उनकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी पुलिस की है । उन्होंने क्षेत्रवासियों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की ।

### होली को लेकर नटवार पुलिस सख्त : विशेष वाहन जांच अभियान में 11 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान





**बिक्रमगंज /रोहतास**। होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर नटवार पुलिस ने वरीय पदाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया । यह अभियान थानाध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में संचालित किया गया । जांच अभियान के दौरान पुलिस ने सघन रूप से वाहनों की तलाशी ली और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की । इस क्रम में कुल 11 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान काटा गया । इतना ही नहीं होली के मद्देनजर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए सभी वाहनों को रोककर ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई । पुलिस ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा,ताकि आमजन सुरक्षित तरीके से त्योहार मना सकें । उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने की अपील की ।

# अभिनव कला संगम ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

## देर रात तक चला अबीर गुलाल लगाने का दौर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**डेहरी। रोहतास**। होली पर्व को लेकर शहर से गांव तक होली मिलन समारोह का दौर जारी है। सोमवार को जिले की चर्चित संस्था अभिनव कला संगम द्वारा आपसी सौहार्द व प्रेम के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों ने आपस में अबीर गुलाल लगा एक दूसरे को होली की अग्रिम बधाइयां दे रहे हैं। उपस्थित लोगों के संबोधन में संस्था के संस्थापक रमेश चंद्र गुप्ता उर्फ काका भैया, सुमंत मिश्रा , अध्यक्ष कौशलेंद्र कुशवाहा ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है, जहां रंगों से रंग मिलने के साथ-साथ एक दूसरे के दिल का मिलन होना जरूरी है। यही कारण है, की होली जैसे पर्व में दुश्मन भी गले मिल जाते हैं। संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि संस्था हो या परिवार, सामाजिक वातावरण में आपसी मिल्लत बरकरार रखनी चाहिए। होली पर्व का संदेश देता है, की बुराइयों को मिटाकर अच्छाइयों पर कब्जा करें। तथा एक दूसरे के साथ प्यार से मिल कर रहे। संरक्षक देरी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष संरक्षक उमाकर शंकर पांडेय, डॉ बीरेंद्र कुमार, महासचिव सीमल सिंह व सचिव प्रो रणधीर सिन्हा ने कहा कि मीठे व्यंजनों के साथ रंग, अबीर गुलाल लगाकर अभिनव कला संगम द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन करना सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है. पारंपरिक होली गीत को जीवंत रखने में अभिनव कला संगम की भूमिका महत्वपूर्ण है। होली मिलन समझ में गायक धीरज धीरू, मदन कुमार, हीरा लाल,नन्हक प्रसाद,कपूरचंद प्रसाद, राहुल कुमार समेत उनकी टोली ने पारंपरिक होली गीत गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। लोग होली गीत पर थिरकते रहें, और अभिनव कला संगम के सभी सदस्य होली गीत गाते रहे। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा गले मिलकर होली की बधाइयां भी। संस्था द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शहर के कई चिकित्सा, अधिवक्ता व बुद्धिजीवियों ने भी भाग लिया। संस्था द्वारा होली मिलन पर विशेष पकवान की भी व्यवस्था की गई थी। होली मिलन समारोह में अकस निदेशक कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष शिव जी गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय यादव, मुकुल मणि,मनोज सिंह, बैजू, गुप्ता, मनोज गुप्ता, विनय कुशवाहा, संजीव गुप्ता, शंभू गुप्ता, संजय गुप्ता, विनोद गुप्ता आदि ने आगत अतिथि मुख्य परिषद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कपिल कुशवाहा, समीर कुमार, लेट'स इंस्पायर बिहार संयोजक अश्वनी सिंह समेत अन्य अतिथि उपस्थित थे।

# होली के रंग में डूबा करगहर दुगोला की गूंज से थर्राया स्टेडियम



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। करगहर ने इस बार होली को सिर्फ मनाया नहीं, बल्कि एक भव्य सांस्कृतिक उत्सव में तब्दील कर दिया। करगहर स्थित जगजीवन स्टेडियम में आयोजित होली मिलन सह सम्मान समारोह ने रंग, राग और रिश्तों की गर्माहट को एक साथ मंच पर उतार दिया। जदयू नेता बच्चा सिंह यादव के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में हजारों लोगों की मौजूदगी ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करगहर विधानसभा के विधायक वशिष्ठ सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि होली समाज को जोड़ने और दिलों की दूरियों को मिटाने का पर्व है। ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता मजबूत होती है और पारंपरिक संस्कृति को नई पहचान मिलती है। समारोह का केंद्रबिंदु रहा दुगोला का जबरदस्त मुकाबला। भोजपुरी लोकगायक प्रदुमन परदेशी और रौशन राज के बीच सुरों की टक्कर ने पूरे माहौल को रोमांच से भर दिया। एक के बाद एक जवाबी गीत, फगुआ की फुहार और लोकधुनों की मिठास ने दर्शकों को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से पूरा स्टेडियम गूंजता रहा। इस अवसर पर कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और समाजसेवी मंच पर मौजूद रहे। समारोह के दौरान शिक्षा, समाजसेवा और जनहित के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। रंगों की चमक, सुरों की दमक और सम्मान की झलक के साथ संपन्न हुआ यह आयोजन करगहर की सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाई देकर गया। यह होली मिलन समारोह लंबे समय तक लोगों की यादों में बना रहेगा।

# होली मिलन समारोह पर कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास**। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर में होली मिलन समारोह आयोजित की गई । कार्यक्रम अवसर पर बच्चियों ने रंगोली बनाया । शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए वाद्ययंत्र पर बच्चों ने डांस किया । बच्चियों में गुंजन, श्वेता ,प्रिया,सुनीता,राजलक्ष्मी, अंकिता,रागिनी,निधि ने बाबा हरिहर नाथ होली गीत पर डांस की । बच्चे एक दूसरे को रंग अबीर लगाए । उक्त दौरान विद्यालय में गजब का उत्साह देखा गया । विद्यालय के विशिष्ट शिक्षक मो. युसूफ अफरीदी द्वारा विद्यालय परिवार को छोटा सा उपहार दिया गया । बच्चों को होली पर्व के बारे में बताया गया । इस अवसर पर प्रधान शिक्षिका रेखा तिवारी,वरीय शिक्षक वेंकटेश्वर सिंह श्वेता कुमारी,शिक्षा सेवक मुकेश कुमार,शिव कुमार,संजू देवी,कैलाशों कुंवर,फूलझारो देवी उपस्थित थे ।

# काराकाट में अंचलाधिकारी समेत सीओ-आरओ की काला पट्टी बांधकर पेन डाउन स्ट्राइक, जनता परेशान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास** । अंचल में राजस्व कर्मियों का आंदोलन तेज हो गया है। अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार समेत सीओ और आरओ ने सोमवार को काला पट्टी बांधकर सरकार के विरोध पेन डाउन स्ट्राइक शुरू कर दी। विभिन्न मांगों को लेकर बिहार राजस्व संघ के पदाधिकारियों ने यह कदम उठाया है, जिससे फरियादियों को भारी परेशानी हो रही है। आज मंगलवार को कई फरियादी अपने कार्यों के निपटारे के लिए अंचल कार्यालय पहुंचे, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार ने बताया, "हमारी विभिन्न मांगों पर सरकार सिर्फ दिलासा दे रही है, कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। पिछले महीने हड़ताल के आश्वासन पर 12 फरवरी तक कमेटी गठित करने का वादा किया गया था, लेकिन उस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। इसलिए बिहार राजस्व संघ के सभी पदाधिकारी काला पट्टी बांधकर विरोध जता रहे हैं।"डॉ. कुमार ने स्पष्ट किया कि पेन डाउन स्ट्राइक आज से शुरू हो गई है। इस दौरान कोई लिखित कार्य नहीं होगा, लेकिन जनता से मिलना, कार्रवाई की सुनवाई और सुझाव देने का काम जारी रहेगा। उन्होंने कहा, "हम सांकेतिक रूप से हड़ताल पर हैं, लेकिन लोगों की न्यूनतम सुविधा बरकरार रखेंगे।"

**पिछले दिनों से आंचलिक कर्मचारियों की अनिश्चितकालीय हड़तालः** बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से आंचलिक कर्मचारी भी अनिश्चितकालीय हड़ताल पर हैं। इससे फरियादियों के प्रमाण-पत्र, भूमि रिकॉर्ड और अन्य राजस्व कार्य बाधित हो रहे हैं। लोग सुबह से शाम तक इंतजार करते हैं, लेकिन बिना काम के लौट जाते हैं। स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। एक फरियादी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, "हमारे दस्तावेज जमा करने हैं, लेकिन कर्मचारी हड़ताल पर हैं। रोजगार और अन्य योजनाओं में देरी हो रही है।"

**मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेजः** बिहार राजस्व संघ की मुख्य मांगों में पदोन्नति, वेतन विसंगति दूर करना और कार्यभार कम करना शामिल है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार की उदासीनता से मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा। आंदोलन अनिश्चितकालीन रहेगा, जब तक मांगें पूरी न हों। जिला प्रशासन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्थानीय लोगों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# कोचस थाना क्षेत्र मे हुए अलग अलग भीषण सड़क हादसे मे दंपति कि मौत, दो जख्मी

## रिश्तेदारी मे जाने के दौरान कोचस मे पति पत्नी की गई है जान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। कोचस थाना क्षेत्र मे हुए अलग अलग सड़क हादसे मे पति पत्नी समेत दो की मौत हो गई है जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना सोमवार की सुबह घाटी जहां बाइक पर सवार दंपति अपने रिश्तेदारी कथराई मे जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर सतसा गांव अशोका कंपनी के निकट विपरीत दिशा से आ रही दूसरे बाइक सवार ने ठोकर मार दी जिसमे दंपति समेत दूसरे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, टक्कर इतनी तेज हुई कि दोनो बाइको की परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगो की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तुषार कुमार ने उपचार दौरान नीतू देवी को मृत घोषित कर दिया जबकि बेहतर उपचार के लिए ले जाने के क्रम मे पति अजय सिंह की मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक नगर पंचायत कोचस वार्ड नंबर 7 निवाशी शसी कुमार को उपचार उपरांत बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।

मृतकों मे नीतू देवी उम्र 26 वर्ष तथा पति अजय सिंह शामिल है, दोनो पति व पत्नी भोजपुर तरारी थाना क्षेत्र के सकला करथ वर्तमान पता टिकरी कला दिल्ली के बताए जाते है। वही दूसरी घटना स्टेट हाईवे पर घटी जहां अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से ग्राम नरवर निवासी सोनू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, ग्रामीणों की पहल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सकों ने शरीर मे आंतरिक चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की पुष्टि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने की।



# होली के पर्व मैं शांति और सद्भावना को लेकर के निकली गई फ्लैग मार्च



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**। होली तैयार को शांतीपूर्ण मनाने हेतू अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज- प्रभात कुमार ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज-सिंधू शेखर एंव प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार सिंह ,थानाध्यक्ष काराकाट विवेक कुमार के नेतूत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च निकाल करके संदेश दिया गया कि होली के पर्व को शांति और सद्धावना के रूप में मना करके इस क्षेत्र को संदेश दिया जाए।

किसी भी प्रकार के अनहोनी होने पर तुरंत थाना को सूचित किया जाए किसी भी प्रकार से शांति भंग ना हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा । किसी भी परिवार को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं रहेगी प्रशासन ततपर है की कानून व्यवस्था ना बिगड़े

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री आशुतोष कुमार झा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा श्री धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 14.03.2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आमजनों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी दी जा रही है। व्यवहार न्यायालय, नवादा में कुल 3950 वादों को चिन्हित किया गया है तथा 3503 पक्षकारों को नोटिस तामिला हेतु सर्व किया जा चुका है। चिन्हित वादों में एमएसीटी – 96, मैट्रिमोनियल – 12, क्रिमिनल वाद – 3433, जी०ओ० वाद (माइनिंग) – 106, वन वाद – 134, माप-तौल – 82, श्रम वाद – 23, धारा 138 एन.आई. एक्ट – 54, सिविल वाद – 10, टेलीफोन वाद – 251 तथा बैंक से संबंधित मामलों की बड़ी संख्या शामिल है।

विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि सभी विभाग समय पूर्व आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण करें तथा निर्गत नोटिसों की तामिला शीघ्र सुनिश्चित की जाए, ताकि पक्षकार आपसी सुलह के माध्यम से अपने मामलों का निपटारा कर सकें। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों के निष्पादन पर बल दिया। व्यवहार न्यायालय के पदाधिकारियों द्वारा पीठ लिपिक एवं कार्यालय लिपिकों को पक्षकारों पर नोटिस निर्गत करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिससे अधिकाधिक मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान संभव हो सके।

**Mediation 2.0 "For the Nation" अभियान से मध्यस्थता को मिलेगा बढ़ावाः** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में दिनांक 02.03.2026 को 90 दिवसीय Mediation 2.0 – "For the Nation" अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित की गई। विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आम लोगों को मध्यस्थता के माध्यम से सरल, सुलभ एवं त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। यह पहल न्यायालय की जटिल प्रक्रिया के स्थान पर संवाद, सहमति एवं सौहार्दपूर्ण समाधान को प्राथमिकता देती है,

जिससे लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा संभव हो सके। पक्षकार ऑनलाइन, ऑफलाइन एवं हाइब्रिड मोड में भाग लेकर मध्यस्थता प्रक्रिया का लाभ उठा सकते हैं। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, नवादा श्री गिरधारी उपाध्याय ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत उन मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें समझौते की संभावना अधिक है, जैसे— पारिवारिक विवाद, क्लेम वाद, घरेलू हिंसा से संबंधित मामले, चेक बाउंस (धारा 138 एन.आई. एक्ट), उपभोक्ता विवाद, सुलहनीय आपराधिक मामले, बंटवारा वाद, मकान मालिक-किरायेदार विवाद तथा भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले। चिन्हित मामलों में पक्षकारों को सूचना देकर मध्यस्थों को मामले सौंपे जाएंगे, जहाँ प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ताओं के सहयोग से आपसी सहमति से विवादों का समाधान कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने आमजनों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत एवं Mediation 2.0 अभियान का अधिकाधिक लाभ उठाकर सुलह-समाधान के माध्यम से अपने मामलों का शीघ्र निपटारा कराएं।

# रंगों के त्योहार होली पर डीजे, अश्लील गीतों पर हुड़दंग नहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** रंगों के त्योहार होली से पहले शहर में इस बार सिर्फ गुलाल ही नहीं, बल्कि सुरक्षा का रंग भी दिखेगा। प्रशासन ने साफ किया है कि इस बार होली पर डीजे और अश्लील गीतों की धुन पर कोई हुड़दंग नहीं चलेगा। करीब डेढ़ से दो हजार पुलिसकर्मी शहर में तैनात रहेंगे और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। SSP प्रमोद कुमार ने बताया कि होली के दौरान डीजे बजाने और अश्लील गीत चलाने पर पूरी तरह रोक रहेगी। सोशल मीडिया पर भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। आपत्तिजनक पोस्ट या भड़काऊ सामग्री डालने वालों पर तत्काल कार्रवाई होगी। थानों में शांति समिति की बैठकें कर लोगों से सहयोग की अपील की गई है।



**मॉक ड्रिल में दंगा जैसे हालातों पर नियंत्रण की प्रैक्टिस की गई**: वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भागलपुर पुलिस पिछले दो दिनों से पुलिस केंद्र में दंगा नियंत्रण अभ्यास कर रही है। सीनियर एसपी और सिटी के नेतृत्व में पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास में दंगा जैसे हालात तैयार कर पुलिसकर्मियों को सिखाया गया कि भीड़ को कैसे नियंत्रित करना है, हालात बिगड़ने पर किस रणनीति से काबू पाना है। वाटर कैनन का इस्तेमाल कर भीड़ को तितर-बितर करने की तकनीक का भी प्रशिक्षण दिया गया।

**संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के लिए स्पेशल टीमों की जिम्मेदारी**: शहर के संवेदनशील इलाकों की पहचान कर वहां अतिरिक्त बल तैनात किया जाएगा। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष टीमों को जिम्मेदारी दी गई है। SSP प्रमोद ने बताया कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और खुशी का प्रतीक है, इसे किसी भी हाल में अशांति का रूप नहीं लेने दिया जाएगा।

सीनियर एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखें, अफवाहों से बचें और नियमों का पालन करें। त्योहार का असली रंग प्रेम और सद्भाव में है, न कि शोर-शराबे और हुड़दंग में। इस बार भागलपुर में होली सिर्फ रंगों से नहीं, बल्कि सुरक्षा और सख्ती के रंग में भी रंगी नजर आएगी।

# भूख हड़ताल पर बैठे अभ्यर्थियों से मिले पप्पू यादव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में साल 2025 में चयनित 419 होमगार्ड अभ्यर्थी 2 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। सोमवार सुबह पूर्णिया से निर्दलीय सासंद पप्पू यादव अभ्यर्थियों से मिलने पहुंचे। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की और गृह विभाग के अधिकारियों से बात कर इस मामले का समाधान कराने का आश्वासन दिया है। पप्पू यादव ने चयनित होमगार्ड जवानों की बातें गंभीरता से सुनीं। सभी से आग्रह किया की होली के पर्व को देखते हुए आप लोग तत्काल भूख हड़ताल समाप्त कर दें। आपकी मांग पूरी तरह से जायज है और हम लोग आपके साथ हैं। इस समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस लड़ाई में मैं आपके साथ खड़ा हूं।

**सरकार से किसी को कोई उम्मीद नहीं है**: पप्पू यादव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में रोजगार की उम्मीद मत करिए। सरकार का पूरा खजाना खाली हो चुका है। कैग की रिपोर्ट आ गई है कि पूरा घोटाला हो गया है। आयुष्मान और आवास योजना सहित कुछ दिनों में सभी विकास रोक दिया जाएगा। किसी भी तरह के विकास के कार्य नहीं होंगे। ऐसी सरकार से क्या उम्मीद करते हैं। सरकार कौन चला रहा है, कौन नहीं चल रहा है, यह पता चल रहा है। आखिर किसी की बात कौन सुनेगा, पूरा का पूरा इंस्पेक्टर राज हो चुका है। अभी हमने होमगार्ड के समादेष्टा से बात किया। बच्चों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पहले के समादेष्टा सस्पेंड हुए, अभी गृह विभाग के संयुक्त सचिव से हमारी बात होगी।

**बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है**: सांसद ने आगे कहा कि हम चाहेंगे कि इसमें कोई गड़बड़ी हुई है तो जिनके माध्यम से जिन अभ्यर्थी का गलत चयन हुआ है, उसकी जांच कर लिया जाए और शेष लोगों को प्रक्रिया शुरू किया जाए। वर्दी खरीद लिया, कागज पर साइन हो गए हैं, फिर बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करना आत्मघाती है। बेटे-बेटियां आत्महत्या करने पर मजबूर हो चुके हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि बेगूसराय के डीएम और विभाग के अधिकारी आकर इन बच्चे-बच्चियों की हड़ताल खत्म कराएंगे। मामले का समाधान करें, हम उनके साथ खड़े रहेंगे, इनके न्याय के लिए अंतिम दम तक लड़ूंगा। यहां बैठे बच्चों के साथ अगर कुछ भी हुआ तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे, वह सही नहीं होगा।

# 'इसे देखा है क्या'...बेटी की फोटो लिए भटक रहे पिता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर में एक पिता अपनी बेटी की फोटो लेकर भटक रहे हैं। दुकानों में, सड़क पर आने-जाने वालों को फोटो दिखाकर पूछ रहे हैं... 'क्या आपने इसे देखा है। ये मेरी बेटी है, दो दिन से लापता है। घर से कोचिंग जाने की बात कहकर निकली थी।' लोगों से पूछते-पूछते कई बार पिता रोने लगते हैं। उन्हें डर है कि बेटी के साथ कुछ गलत न हो जाए। दरअसल, जिले के नारायणपुर के मधुरापुर गांव की 8वीं छात्रा शनिवार से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। लापता नाबालिग छात्रा की पहचान कन्हैयालाल शाह की बेटी सोनाक्षी (14) के तौर पर की गई है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। शनिवार शाम कोचिंग जाने का बोलकर निकली: मां आरती देवी ने बताया, 'कुछ दिन पहले मेरा ऑपरेशन हुआ है। तबीयत अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। 28 फरवरी को शाम 4:30 बजे बेटी सोनाक्षी घर से कोचिंग पढ़ने के लिए निकली थी। कोचिंग महज 500 मीटर की दूरी पर है। जाते समय मुझसे बोली कि मम्मी मैं पढ़ने के लिए कोचिंग जा रही हूं। उस समय मैं हल्की नींद में थी। सोचा कि चलो बच्ची पढ़ने ही तो जा रही है, समय से घर लौट आएगी। काफी समय बीत जाने के बाद वो नहीं लौटी।'

छात्रा कोचिंग पहुंची ही नहीं: मां आरती देवी ने बताया, 'बेटी घर नहीं लौटी तो मैं रात में ही परिजनों के साथ थाना पहुंची। पुलिसकर्मियों ने आवेदन लेकर कहा कि सुबह आइए, FIR दर्ज कर देंगे। परिवार के लोग जब सुबह थाना पहुंचे एसएचओ से मुलाकात नहीं हो पाई। ऑपरेशन के कारण दर्द से कराह रही हूं। ऊपर से बेटी की चिंता ने पूरी तरह से तोड़ दिया है।'

सादे पेपर पर साइन कराकर घर भेज दिया: पिता कन्हैयालाल शर्मा ने कहा कि हमें आशंका है कि कहीं बेटी बच्चा चोर गिरोह के चंगुल में तो नहीं फंस गई है। आज (सोमवार) को पुलिस स्टेशन से किसी ने फोन करके कहा कि रिसीविंग लेकर जाइए। थाना पहुंचने पर सादे पन्ने पर सिग्नेचर करवाया और घर भेज दिया। रिसिविंग मांगने पर कहा कि बड़ा बाबू (थानेदार) अभी नहीं हैं। आएंगे तो दे देंगे, आपका मामला दर्ज कर लिया गया है। अनहोनी की आशंका से पूरा परिवार डरा हुआ है। प्रशासन से अपनी बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगा रहे हैं।

पुलिस छापेमारी कर रही है: वहीं, इस संबंध में भवानीपुर थानेदार शंभू ने कहा कि आवेदन मिला है, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सादे पन्ने पर नहीं, FIR कॉपी में सिग्नेचर करवाया गया है। बच्ची की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। तमाम कड़ियों को जोड़कर बच्ची को जल्द बरामद कर लिया जाएगा।

# युवाओं ने मिट्टी-कीचड़ से खेली होली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

बांका। बांका जिले के सभी प्रखंडों में होली से दो दिन पूर्व पारंपरिक धुरखेल का आयोजन पूरे उत्साह और उमंग के साथ किया गया। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सोमवार को सुबह से ही धुरखेल और होली गायन की धूम देखने को मिली। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर इस लोकपर्व को पारंपरिक अंदाज में मनाया।धुरखेल को लेकर जमकर युवाओं की टोली ने कपड़ा और कुर्ता फाड़ धुरखेल खेला।मंगलवार को भी जिले के कुछ जगहों पर धुरखेल खेला जाएगा। होली को लेकर सभी उमंग के मस्ती में डूबे हुए हैं। धुरखेल के दौरान जगह-जगह लोगों ने धूल, मिट्टी, कीचड़ और कादो के साथ होली खेली। बच्चों ने दिनभर सड़कों और गलियों में धूल व कीचड़ उड़ाकर जमकर मस्ती की।

**कई मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा**: वहीं युवाओं की टोलियां पारंपरिक होली गीतों और ढोल-मंजीरे की धुन पर झूमती नजर आईं। कई स्थानों पर लोगों ने एक-दूसरे को मिट्टी, कीचड़ और गोबर लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। ग्रामीण इलाकों में युवाओं और बच्चों की टोलियों ने सड़कों पर निकलकर धुरखेल खेला, जिससे सुबह से ही कई मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा। राहगीरों और बाइक सवारों को भी कीचड़ और धूल का सामना करना पड़ा। कुछ स्थानों पर राह चलते लोगों पर कीचड़ फेंके जाने से वे मिट्टी और गोबर से सने नजर आए। हालांकि, अधिकांश जगहों पर यह सब शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के साथ संपन्न हुआ।

**एक-दूसरे के साथ जमकर मस्ती की**: धुरखेल के दौरान युवाओं की टोलियों ने पारंपरिक धुनों पर नृत्य किया और एक-दूसरे के साथ जमकर मस्ती की। पूरा इलाका होली के रंग में रंगा नजर आया। लोगों ने इस पर्व को सामाजिक मेल-मिलाप और परंपरा के प्रतीक के रूप में मनाया। इधर बुधवार को होने वाली रंगों की होली को लेकर भी जिले भर में तैयारियां जोरों पर हैं। बाजारों में रंग-गुलाल की खरीदारी तेज हो गई है और लोग उल्लास व उमंग के साथ पर्व की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## पूर्व रेलवे

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-416, दिनांक 26.02.2026।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए अनुभवी एवं वित्तीय रूप से मजबूत प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** मालदा मंडल के टीएल कोचों (आईसीएफ तथा एलएचबी) में गैर-मुख्य गतिविधियों के विद्युतीय रखरखाव अनुबंध की तीन वर्षों हेतु आउटसोर्सिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 2,46,48,996.54; **बयाना राशि:** रु. 2,73,300; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 06.03.2026 से 20.03.2026 को अपराह्न 3.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट:** **www.ireps.gov.in** तथा सीनियर डीईई (जी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदादाताओं से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखने का अनुरोध किया जाता है। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (MLD-352/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/600, दिनांक 27.02.2026;** सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/सिग/टी/16/25-26/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थान:** सियालदह मंडल में कृष्णनगर सिटी जंक्शन-लालागोला अनुभाग के विभिन्न ट्रैक नवीनीकरण कार्य के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 5,21,88,767.27; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 4,11,000; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 12.03.2026; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 26.03.2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 26.03.2026 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरण: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंड:** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंड:** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेज:** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्य:** डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचएएसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग सम्मिलित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग। **टिप्पणी:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए। (SDAH-427/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

## कार्यालय अंचल अधिकारी, देव, औरंगाबाद।

बिहार सरकार

☎ 8544412422 co.deo.aura@gmail.com

### अल्पकालीन निविदा

देव चैती छठ मेला, 2026 दिनांक–22.03.2026 से 25.03.2026 तक मनाया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के लिए लाईट, साउण्ड एवं पंडाल भाड़े पर लगाने के लिए दर निर्धारण हेतु इच्छुक फर्मो/आपूर्तिकर्ता से निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द द्वि–लिफाफा प्रणाली में दिनांक–**11.03.2026** के अपराह्न **12:00** बजे तक विहित शर्तो के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक–**12.03.2026** को अपराह्न **12:00** बजे प्रखण्ड सभागार, देव में खोली जायेगी। निविदा के समय निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

| क्र0 | सामग्री का नाम | मात्रा/साईज | दर (सभी अनुमान्यकर सहित) |
|---|---|---|---|
| | **ग्रुप 'A' – लाईट, पंडाल, साउण्ड एवं टेन्ट समाग्री** | | |
| 01 | हैलोजन 100 वॉट | 120 | |
| 02 | 65 के0भी0ए0 जेनरेटर ईंधन सहित | 12 | |
| 03 | 10 के0भी0ए0 जेनरेटर ईंधन सहित | 100 | |
| 04 | ट्यूब लाईट | 3200 | |
| 05 | मेटल लाईट | 400 | |
| 06 | मशीन–2000 वाट | 07 | |
| 07 | मशीन–500 वाट | 07 | |
| 08 | मशीन–1000 वाट | 07 | |
| 09 | मशीन–1500 वाट | 07 | |
| 10 | हॉर्न सेट | 190 | |
| 11 | मिक्सर मशीन | 07 | |
| 12 | चोंगा | 30 | |
| 13 | बड़ा बाक्स | 40 | |
| 14 | कोडलेश माईक | 15 | |
| 15 | स्टेण्ड माईक | 02 | |
| 16 | स्टेब्लाईजर 05 के0भी0ए0 | 08 | |
| 17 | स्टेब्लाईजर 10 के0भी0ए0 | 08 | |
| 18 | वाटर प्रुफ पंडाल | 2000 sft. | |
| 19 | सामान्य पंडाल | 12000 sft. | |
| 20 | कारपेट | आवश्यकतानुसार | |
| 21 | सोफा | 12 | |
| 22 | वी0आई0पी0 कुर्सी कवर के साथ | 300 | |
| 23 | उद्घाटन स्टेज | 20x15 | |
| 24 | प्लास्टिक कुर्सी | 1200 | |
| 25 | टेबल क्लॉथ सहित | 150 | |
| 26 | तोशक/गदा | 2200 | |
| 27 | तकिया | 2200 | |
| 28 | बेडसीट | 2200 | |
| 29 | फोल्डिंग | 500 | |
| 30 | जाजिम | आवश्यकतानुसार | |
| 31 | दरी | आवश्यकतानुसार | |
| 32 | पोडियम | 01 | |
| 33 | पिनीअन बोर्ड | आवश्यकतानुसार | |
| 34 | घेरा साईडिंग | आवश्यकतानुसार | |
| | **ग्रुप 'B' – नास्ता, भोजन एवं रिफ्रेंस्मेन्ट** | | |
| 01 | सुबह का नास्ता<br>जलेबी–4 या मिठाई–02 अद्द (50 ग्राम)<br>पुड़ी/कचौड़ी–05 (150 ग्राम)<br>सूखा सब्जी– 100 ग्राम<br>अचार–10 ग्राम | प्रति थाली | |
| 02 | दिन का खाना<br>चावल–150 ग्राम<br>रोटी – 04 अदद<br>अरहर की दाल–150 ग्राम<br>मौसमी सब्जी आलू के साथ सूखा–100 ग्राम<br>आलू की भुंजियां–50 ग्राम<br>छेना का बड़ा रसगुल्ला–01 अदद<br>अचार एवं नमक (पैकेट में)– 20 ग्राम<br>सलाद–50 ग्राम | प्रति थाली | |
| 03 | रात का खाना<br>चावल–150 ग्राम<br>रोटी – 04 अदद<br>अरहर की दाल–150 ग्राम<br>मौसमी सब्जी आलू के साथ सूखा–100 ग्राम<br>आलू की भुंजियां–50 ग्राम<br>छेना का बड़ा रसगुल्ला–01 अदद<br>अचार एवं नमक (पैकेट में)– 20 ग्राम<br>सलाद–50 ग्राम | प्रति थाली | |
| 04 | रिफ्रेंस्मेन्ट/स्नैक्स/कॉफी/चाय/पेयजल (तीन दिन के लिए) | | |
| 05 | आर0ओ0 पानी (जार) | 200 | |
| 06 | पानी का बोतल–500 मि0ली0 (ब्रांडेड) | 10 पेटी | |
| 07 | पानी का बोतल–250 मि0ली0 (ब्रांडेड) | 10 पेटी | |
| | **ग्रुप 'C' – विविध** | | |
| 01 | HD विडियोग्राफी (सी0डी0 के साथ) | 06 Set | |
| 02 | CCTV Camera set | 100 Pcs | |
| 03 | LED Screen (With Live Internet Connection) | 08 | |
| 04 | Drone Camera | 02 | |
| 05 | आई0कार्ड0 | 500 | |
| 06 | बुके | 20 | |
| 07 | मोमेन्टो | 20 | |
| 08 | रिफ्रेशमेंट/स्नेक्स/कॉफी/चाय/पेयजल (तीन दिनों के लिए) | आवश्यकतानुसार | |
| 09 | जिला मुख्यालय/विभिन्न स्थान/कार्यक्रम स्थल पर फलेक्स एवं बैनर अधिष्ठापन | आवश्यकतानुसार | |

**नोट :–**
1. तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में प्रत्येक ग्रुप के लिए अलग–अलग सीलबंद कर प्रस्तुत किया जायेगा।
2. तकनीकी निविदा में सफल निविदादात्ता का ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा।
3. तकनीकी निविदा वाले लिफाफे में निम्नलिखित कागजात रखे जायेंगे।
   (क) फर्म का निबंधन प्रमाण–पत्र।
   (ख) जी0एस0टी0 के अन्तर्गत निबंधन प्रमाण–पत्र।
   (ग) आयकर दाता होने का प्रमाण यथा पैन कार्ड।
   (घ) काली सूची दर्ज नहीं होने संबंधी स्वलिखित प्रमाण–पत्र।
   (ड.) अग्रधन के रूप में अंचल अधिकारी, देव औरंगाबाद के पदनाम से 20,000/– (बीस हजार) रू0 का निर्गत बैंक ड्राफ्ट या अंचल कार्यालय, देव में जमा राशि का नाजिर रसीद तकनीकी निविदा के लिफाफे में संलग्न करना होगा।
4. वित्तीय निविदा वाले लिफाफे में उपरोक्त कार्यों का दर अंकित किया जायेगा। यह दर सभी अनुमान्य कर सहित होगा।
5. भुगतान के पूर्व सभी करों की कटौती श्रोत पर की जायेगी।
6. निविदा को बिना कारण बताये किसी भी समय अस्वीकृत करने अथवा संशोधित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 025433 ( District ) 2025-26

अंचल अधिकारी, देव

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## Civil Surgeon – cum - CMO Palamu

**Very Urgent Short Tender Notics**

**Tender number :- 05 / 2025-26 Dated 02.03.2026**

Procurement cell in charge on behalf of Civil Surgeon – Cum – Palamu, Jharkhand invites Tender from eligible bidder for entering into supply of Nayi Pahal Kit at various health facilities in Palamu district. Tender document with details condition can be obtained through website www.palamu.nic.in

**Fact Sheet**

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Supply of Nayi Pahal Kit |
| 2 | Date of Publication of Tender on NIC | 03.03.2026 |
| 3 | Last date of receipt of Bids from intended bidders. | On 20.03.2026 latest by 03:00 PM |
| 4 | Date / Time for receipt of bids from office | 05.03.2026 to 20.03.2026 by 3:00 PM |
| 5 | Last date of submit the tender and EMD in Office of Civil Surgeon – Cum –CMO Palamu. | Last date of EMD, Tender fee and offline submission of Tender : 20.03.2026 dated time 03:00PM |
| 6 | Date of opening of Technical Bid | 21.03.2026 time 03:30 PM |
| 7 | Date of opening of Financial Bid | After finalizing Technical Bid. |
| 8 | Mode of submission | Speed Post / Registered Post / By Hand only to the address as specified above. |

**Note :-** The details of the tender document can be obtained from the office of the Civil Surgeon-Cum-CMO Palamu official time.


The specified date and time may change due to declaration of holiday or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-Portal as and when required.

PR.NO.374053 District(25-26):D **Civil Surgeon – cum – CMO Palamu**

## समाहरणालय, गढ़वा
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
कार्यालय :- जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा
Email Id : dcpsgarhwa@gmail.com

**बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसार**

### आम सूचना



| | |
|---|---|
| नाम | : विनोद कुमार |
| लिंग | : पु0 |
| माता का नाम | : अज्ञात |
| पिता का नाम | : अज्ञात |
| उम्र | : 23 वर्ष (लगभग) |
| ऊँचाई | : 5 फीट |
| बालक का रंग | : सावला |

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालक कोविडकाल में ही गढ़वा जिला के भवनाथपुर क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त हुई है। बालक बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् चाइल्ड लाइन के सहयोग से कोविडकाल से ही वात्सल्य धाम, बाल गृह, पलामू में संरक्षित है। बालक मंदबुद्धि होने के कारण माता–पिता एवं पता बताने में असमर्थ है।

बालका के जैविक माता–पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अंदर यदि कोई बालक के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग, गढ़वा में सम्पर्क कर बालक से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालक से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। उक्त बालक के संबंध में बाल कल्याण समिति, गढ़वा द्वारा ली गई निर्णय सर्वमान्य होगा।

**कार्यालय पता:–** जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।

सम्पर्क नम्बर :– 7870520029, 6200118854, 8271440076, 9313632516

PR 374009 Social Welfare,Women and Child Development (25-26)_D

**जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा**

## कार्यालय बन्दोबस्त पदाधिकारी, पलामू।

**अल्पकालीन कोटेशन/दर निवित्र आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भू–माप बन्दोबस्त कार्यालय, पलामू को कार्यालय प्रयोजनार्थ प्रपत्र की छपाई करानी है, जिसके लिए स्थानीय प्रेस से निविदा आमंत्रित किया जाता है, जो निम्न प्रकार है :–

| क्रमांक | प्रपत्र का नाम | आवश्यकता |
|---|---|---|
| 1 | गैर मानक फार्म | 20000 |
| 2 | धारा 89 नोटिस फार्म | 20000 |
| 3 | धारा 87 नोटिस फार्म | 50000 |
| 4 | धारा 89 ऑर्डर फार्म | 20000 |
| 5 | धारा 87 ऑर्डर फार्म | 20000 |
| 6 | ऑर्डर शीट दो फार्म 563 | 50000 |
| 7 | डिग्री फार्म | 20000 |
| 8 | गवाही फार्म | 10000 |
| 9 | मुख्य पृष्ट | 50000 |
| 10 | रिवाईस एरिया स्टेटमेंट फार्म | 10000 |
| 11 | अमीन रिपोर्ट फार्म | 15000 |
| 12 | मोकावला फार्म 7 | 15000 |
| 13 | मोकावला फार्म 9 | 15000 |
| 14 | टिप्पा तेरिज फार्म | 20000 |
| 15 | लिपिक अशुद्धि फार्म | 20000 |
| 16 | प्लॉट इंडेक्स | 20000 |
| 17 | तेरिज फार्म | 15000 |
| 18 | रैयती फार्म | 15000 |
| 19 | मालकी खतियान | 20000 |
| 20 | सिलसिलवार खतियान | 20000 |
| 21 | नोट शीट | 20000 |

उपर्युक्त फार्म का नमूना बन्दोबस्त कार्यालय, पलामू की स्थापना शाखा से प्राप्त किया जा सकता है तथा गुणवत्ता एवं न्यूनतम दर को प्राथमिकता दी जायेगी। प्रकाशन की तिथि से 04 दिनों के अन्दर इच्छुक मुद्रक नमूना एवं दर अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें। समय समाप्ति के पश्चात् निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा स्वीकृत एवं रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

अद्योहस्ताक्षरी के हस्ताक्षर एवं मुहर से निर्गत किया गया।

ह0/–
**उपायुक्त–सह– बन्दोबस्त पदाधिकारी, पलामू।**

PR 373985 Palamu(25-26)D

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग कांडों में पांच आरोपी गिरफ्तार

**आरा।** टाउन थाना की पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र में अलग-अलग मामलो मे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि देशी और विदेशी शराब भी जब्त किया है। टाउन थाना पुलिस के द्वारा जारी सूची के अनुसार बक्सर जिला के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के काट निवासी कन्हैया यादव के 22 वर्षीय पुत्र संजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उन पर आर्म्स एक्ट की गंभीर धाराओं के साथ-साथ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। इसी क्रम मे ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के सरौरा निवासी कन्हैया यादव के 19 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार को आर्म्स एक्ट एवं बीएनएआरा स की धारा में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छापेमारी कर लगभग 115 लीटर महुआ देशी शराब के साथ रॉयल स्टैग विदेशी व्हिस्की की 375 एमएल वाली 9 बोतलें जब्त की है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने और नियमों के उल्लंघन के आरोप में आनंद नगर मुहल्ला निवासी आयुष कुमार, रोहन पांडेय और एमपी बाग मुहल्ला निवासी सतीश कुमार को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। इन सभी पर बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### वीकेएसयू के पूर्व सीनेटर हुए सम्मानित

**आरा।** आरा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेटर अजय कुमार तिवारी 'मुनमुन' को महाराणा प्रताप सिंह कॉलेज, मोहनिया में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम कैमूर जिले के मोहनियां स्थित कॉलेज परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महांतीम सिंह एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रो. डॉ. अवध बिहारी सिंह ने संयुक्त रूप से अजय कुमार तिवारी को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रो. डॉ. अवध बिहारी सिंह वर्तमान में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अजय कुमार तिवारी ने विश्वविद्यालय एवं छात्र-हित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई है।

### रंगों की मस्ती में सराबोर हुए नन्हें विद्यार्थी, दिखा होली का उत्साह

**बक्सर।** होली के आगमन को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। माहौल पूरी तरह से उत्सवमय हो गया है, जहां बच्चों की हंसी और उमंग ने वातावरण को रंगीन बना दिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक भी बच्चों को सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की सीख देते नजर आ रहे हैं। बच्चों ने गीत-संगीत के बीच एक-दूसरे को गले लगाकर शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश फैलाया। डुमरांव के न्यू सैनिक स्कूल डुमरांव के प्रबंधन ने कहा कि ऐसे पर्व बच्चों में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

### भोजन बैंक के 47वें सप्ताह में जरूरतमंदों को मिला निःशुल्क भोजन, बांटी गया अबीर

**बक्सर।** सेवा, समर्पण और सामाजिक सद्भाव का अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जब भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान के तहत संचालित भोजन बैंक बक्सर द्वारा रविवार को 47वें सप्ताह में प्रसाद रूपी निःशुल्क भोजन गरीबों और जरूरतमंदों को कराया गया। इस अवसर पर होली मिलन आपसी समारोह का आयोजन करते हुए अबीर का वितरण भी किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और भाईचारे का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन हरे राम सिंह (देवढ़िया), राजू कुशवाहा (बीडीसी प्रतिनिधि, कमरपुर) तथा मनोज गुप्ता ने किया। मौके पर राहुल वर्मा (आरआर एग्रीमेंट), प्रभात शर्मा और शिक्षक बाला जी ने कहा कि संस्थान द्वारा निरंतर चलाया जा रहा यह सेवा अभियान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में आम जनमानस को तन, मन और धन से सहयोग करना चाहिए। "नर सेवा ही नारायण सेवा है" की भावना को दोहराते हुए वक्ताओं ने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सच्ची ईश्वर सेवा है। संस्थान को आर्थिक सहयोग देने वालों में बिहारी लाल गुप्ता, राहुल वर्मा, शिवानन्द उपाध्याय (उपाध्यापुर), कमलेश पाल (पार्षद प्रतिनिधि), सुरज वर्मा, संतोष राय और रामेश्वर प्रसाद सिंह शामिल रहे। संस्थान की पूरी टीम ने सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ओम प्रकाश वर्मा, गायक विश्वास वर्मा, अजीत वर्मा, अभी वर्मा, ओम जी, मुकुंद जी, अजीत वर्मा (चुरामनपुर), मनोज गुप्ता, शिवम राय सहित समस्त मित्रगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। अंत में अधिवक्ता अकरम एवं संतोष राय ने आर्थिक सहयोग करने वाले सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। भुआली वर्मा एवं हाफी इमरान शामशी के नेतृत्व में पूर्व की भांति इस बार भी गौ ग्रास के माध्यम से गौ माता की सेवा की गई।

### स्टेशन से दो चोर अरेस्ट

**बक्सर।** बक्सर में रेलवे सुरक्षा बल (RPF) और सरकारी रेल पुलिस (GRP) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बक्सर रेलवे स्टेशन से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी के सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले दो रिसीवरों को भी पकड़ा है। आरपीएफ बक्सर और जीआरपी बक्सर की संयुक्त टीम स्टेशन परिसर में नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदेह के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि चोरी का सोने का सामान शहर के ठठेरी बाजार स्थित पीपी रोड की ज्वेलरी दुकानों में बेचा गया था।

# सनातन योग संस्थान का भव्य होली मिलन समारोह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** आरा के मिश्र टोला में सनातन योग संस्थान की ओर से भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक फगुआ गीतों की गूंज और रंग-अबीर की खुशबू ने पूरे माहौल को खुशनुमा बना दिया। होली मिलन में शामिल सभी अतिथियों का स्वागत भोजपुर की पहचान गमछा देकर किया गया, जिससे कार्यक्रम में क्षेत्रीय संस्कृति की झलक साफ दिखाई दी। गायक विशेश्वर लाल सिन्हा ने अपनी मधुर आवाज में पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। उनके गीतों पर लोग झूमते नजर आए और पूरा वातावरण फगुआ की उमंग से भर उठा। कार्यक्रम में आए लोगों के लिए संस्थान की ओर से पारंपरिक व्यंजन मालपुआ और ठंडई की विशेष व्यवस्था भी की गई थी, जिसका सभी ने आनंद लिया।



**पारंपरिक लोक गीत प्रस्तुतिः** संस्थान के सदस्यों ने बताया कि पूरे वर्ष रमना मैदान में नियमित योगाभ्यास करते हैं और मौसम चाहे कोई भी हो, सभी सदस्य एक परिवार की तरह जुड़े रहते हैं। यही कारण है कि हर छोटे-बड़े त्योहार और लोक परंपरा को सामूहिक रूप से उत्साहपूर्वक मनाते हैं। इस होली मिलन समारोह में महिलाओं और बच्चियों की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली। 'रंग बरसे चुनरिया अंगना में' और 'पीछे ली हरदिया ब्रिज में होली खेले रंग रसिया' जैसे पारंपरिक लोक गीत प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया।

**समारोह में प्रेम-भाईचारे का संदेश दियाः** कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम-भाईचारे का संदेश दिया। संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि लोक परंपराओं के संरक्षण और उन्हें जीवित रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। खास बात यह है कि संस्थान में अधिकांश सदस्य सेवानिवृत्त लोग हैं, जिनके साथ उनके परिवार के सदस्य भी सक्रिय रूप से जुड़ते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष विनय ओझा, सचिव विशेश्वर लाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष जीतन पाण्डेय, अजय कुमार, अशोक सिंह, लाल सिंह, सुमेश्वर लाल, विजय सिंह, राधामोहन मिश्रा, अनिल सिंह, प्रीति, विभा, मनीषा, रूपा, जया, पलक, साधुआईन, पुष्पा, बेबी और कंचन वर्मा सहित कई सदस्य मौजूद रहे। समारोह में पारंपरिक होली की खुशबू, लोक गीतों की मधुरता और सामूहिक उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला।

## ट्रक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर



**आरा।** भोजपुर में सिलेंडर लदे ट्रक ने सवारियों से भारी ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची यातयात पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया। घटना नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मोड़ के पास की है। घायलों की पहचान पटना जिला के सैदानपुर निवासी रुदल पंडित की पत्नी राधिका देवी(46), दयानंद सिंह(60), उमेश पासवान(35), काशी पासवान(40) और मानसिंहपुर गांव चित्रलोक कुमार(33) के तौर पर हुई है। सभी आपस में रिश्तेदार हैं।

**ई-रिक्शा से घर लौट रहे थेः** घायल काशी पासवान ने बताया कि सभी लोग उदवंतनगर जैतपुर गांव में गृह प्रवेश के अवसर पर आयोजित शिव चर्चा में गए थे। पूजा खत्म होने के बाद रविवार देर शाम ई-रिक्शा रिजर्व कर वापस आरा स्टेशन लौट रहे थे। इस दौरान अनाईठ के पास ट्रक ने टक्कर माक दी।


# वर्दी और पिस्टल लेकर थाने पहुंचा फर्जी सिपाही

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर के नगर थाना परिसर में सोमवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब पुलिस की वर्दी पहने एक युवक की असलियत खुल गई। युवक खुद को सिपाही बताकर एक महिला के साथ थाना पहुंचा था। किसी मामले में पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस की सूझबूझ और पूछताछ में उसकी फर्जी पहचान सामने आ गई। मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सरकारी हथियार जब्त कर लिया और चाचा-भतीजे दोनों पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

**महिला के साथ पहुंचा युवक, खुद को बॉडीगार्ड बताने लगाः** जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 30 साल की एक महिला नगर थाना पहुंची। उसके साथ पुलिस की वर्दी में एक युवक भी मौजूद था। युवक के पास सरकारी पिस्तौल भी थी और वह खुद को महिला का बॉडीगार्ड बताने लगा। महिला किसी विवादित मामले में पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बनाती दिख रही थी। थाना में मौजूद पुलिसकर्मियों को युवक की वर्दी, व्यवहार और बाहर से आए बॉडीगार्ड जैसी हरकतें संदिग्ध लगीं। इसके बाद पुलिस ने उससे अनौपचारिक बातचीत शुरू की, लेकिन युवक के जवाब स्पष्ट नहीं थे। इसी बीच, मौका पाते ही महिला धीरे-धीरे थाना परिसर से बाहर निकल गई।

**पहली ही पूछताछ में लड़खड़ाए जवाब, संदेह गहरा हुआः** युवक से उसके पद, पोस्टिंग, बैच नंबर और ट्रेनिंग से जुड़े सवाल पूछे गए, लेकिन वह इनमें से किसी का भी सही जवाब नहीं दे सका। उसके बोलने के तरीके से पुलिस को शक हो गया कि मामला गंभीर है। पूछताछ कड़ी होते ही युवक का मानसिक संतुलन बिगड़ने लगा और उसके जवाबों में विरोधाभास मिलने लगा। पुलिस ने जब पिस्तौल और वर्दी के बारे में पूछा, तो वह सीधे जवाब देने से बचने लगा। इसी बीच थाने के कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए और युवक से सख्ती से पूछताछ की गई।



**नाम परमजीत सिंह, चाचा की वर्दी पहनकर आया थाः** घंटों की पूछताछ के बाद युवक ने अपना असली नाम परमजीत सिंह बताया। उसने बताया कि वह नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के गणपत गांव का रहने वाला है। जांच में पता चला कि उसका चाचा पुलिस विभाग में कार्यरत है और वर्तमान में आरा जिले के एससी-एसटी थाना भोजपुर में पीटीसी पद पर तैनात है। युवक ने स्वीकार किया कि उसने जो वर्दी पहनी थी, सरकारी पिस्तौल लेकर आया था, दोनों उसके चाचा के हैं। वह चाचा की अनुपस्थिति में वर्दी और हथियार लेकर घर से निकल गया और महिला के साथ बक्सर पहुंचा।

**महिला के साथ नावानगर में भी बनाया था दबावः** पुलिस जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि परमजीत सिंह महिला के साथ नावानगर भी गया था। वहां दोनों ने विपक्षी पक्ष को डरा-धमकाकर दबाव बनाने की कोशिश की। इसके बाद दोनों सीधे बक्सर नगर थाना पहुंचे, जहां महिला किसी पुराने विवाद में पुलिस पर कार्रवाई कराने को लेकर बात कर रही थी। पुलिस को शक है कि महिला और युवक दोनों पहले से योजना बनाकर थाने में दबाव बनाने आए थे। हालांकि, महिला के फरार होने से स्थिति और संदिग्ध हो गई है। पुलिस महिला की भूमिका की भी जांच कर रही है।

**सरकारी हथियार जब्त, एफआईआर दर्ज; चाचा-भतीजा दोनों पर गिरी गाजः** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत सरकारी हथियार और वर्दी जब्त कर ली। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। वहीं, चाचा पर भी विभागीय कार्रवाई की तलवार लटक गई है क्योंकि सरकारी हथियार व वर्दी की सुरक्षा की जिम्मेदारी उन्हीं की थी।


## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

Email: - nphussainabad@gmail.com

इच्छा की अभिव्यक्ति संख्या–01/2026–27

नगर पंचायत हुसैनाबाद अन्तर्गत टाउन हॉल के उचित रख–रखाव एवं संचालन (3 वित्तीय वर्ष के लिए) हेतु स्थानीय व्यक्ति/फर्म अपना आवेदन/प्रस्ताव दिनांक– 10.03.2026 को अप्राहन 12:00 बजे तक कार्यालय, नगर पंचायत हुसैनाबाद में जमा कर सकते हैं। टाउन हॉल के रख–रखाव हेतु निविदा की विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्रम सं0 | भवन का नाम | निविदा की न्यूनतम राशि (3 वित्तीय वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | डाक खुलने का स्थान एवं तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टाउन हॉल | 2026–27 = 4,89,500.00<br>2027–28 = 5,38,450.00<br>2028–29 = 5,92,295.00<br>कुल = 16,20,245.00 | 1,62,025.00 | 10,000.00 | कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद 1:00 बजे अपराहन |

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 373944 District (25-26)_D



## समाहरणालय, गढ़वा
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
कार्यालय :– जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा।

Email Id : dcpsgarhwa@gmail.com

बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसार

आम सूचना



**नाम : अमित कुमार** **लिंग : पु0** **माता का नामः अज्ञात**
**पिता का नामः अज्ञात** **उम्र : 17 वर्ष (लगभग)** **ऊँचाई : 4.9 फीट**
**बालक का रंग : सावला**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालक कोविडकाल में ही गढ़वा जिला के भवनाथपुर क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त हुई है। बालक बाल कल्याण समिति, गढ़वा में उपस्थापन के पश्चात् चाइल्ड लाइन के सहयोग से कोविडकाल से ही वात्सल्य धाम, बाल गृह, पलामू में संरक्षित है। बालक मंदबुद्धि होने के कारण माता–पिता एवं पता बताने में असमर्थ है।

बालका के जैविक माता–पिता एवं विधिक संरक्षक का पता ज्ञात करने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय सभी समाचार पत्रों में यह विज्ञापन प्रकाशित की गई है। सूचना प्रकाशित होने के 60 (साठ) दिनों के अंदर यदि कोई बालक के जैविक माता–पिता/विधिक संरक्षक होने का दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो बाल कल्याण समिति, गढ़वा/जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग, गढ़वा में सम्पर्क कर बालक से संबंधित दस्तावेज/साक्ष्य के साथ अपना दावा प्रस्तुत कर सकते है। दावा प्रस्तुत करने हेतु दिये गये समय सीमा की समाप्ति के पश्चात् उक्त बालक से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। उक्त बालक के संबंध में बाल कल्याण समिति, गढ़वा द्वारा ली गई निर्णय सर्वमान्य होगा।

कार्यालय पताः– जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा/बाल कल्याण समिति, पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा। जिला सामाजिक सुरक्षा कोशांग, नया समाहरणालय, कल्याणपुर, गढ़वा।

सम्पर्क नम्बर :– 7870520029, 6200118854, 8271440076, 9313632516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 374008 Social Welfare,Women and Child Development(25-26)D



## झारखण्ड सरकार
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय :– प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा।

सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु कई बार अवसर प्रदान किये गये, परन्तु प्रतिवादी पक्ष उपस्थित नहीं हुआ है। इसलिए उक्त मामले की सुनवाई की अंतिम तिथि 28.03.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की गई है। अतः उक्त निर्धारित तिथि को ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ एवं अन्य सामग्री | अभियुक्तों का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 31/2025 | हरसईन बोटा कुल–7 पीस (लम्बाई 3 फीट 3 इंच x गोलाई 32 इंच–1 पीस; लम्बाई 3 फीट x गोलाई 41 इंच–1 पीस; लम्बाई 3 फीट 5 इंच x गोलाई 24 इंच–1 पीस; लम्बाई 2 फीट 10 इंच x गोलाई 33 इंच–1 पीस; लम्बाई 4 फीट x गोलाई 20 इंच–1 पीस; लम्बाई 3 फीट 2 इंच x गोलाई 33 इंच–1 पीस; लम्बाई 3 फीट 5 इंच x गोलाई 27 इंच–1 पीस) | रामनाथ राम, पिता–स्व0 जलेबी राम, ग्राम–सरहिया, थाना–खरौंधी, जिला–गढ़वा। | |

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।

PR 374014 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26 (D)



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION DALTONGANJ

Tender Reference No.- 29 BCD/DALTONGANJ DIV/2025-26

NOTICE INVITING QUOTATION

Quotation for hiring of 01 No. Of Light Commercial vehicle like Mahindra Bolero or any other similar capacity of vehicle along with driver & diesel for a period of 12 months in the areas under the jurisdiction of the **Executive Engineer, Building Division Daltonganj** for the purpose of Inspection/Supervision in concerned construction sites. Quotation will be received on 10.03.2026 up to 1:00 PM in the Office of the Executive Engineer, Building Division Daltonganj, and the same day will be open on the 10.03.2026 up to 3:00 PM in the Office of the E.E. BCD Daltonganj.

**Details of Commercial Vehicle & Rate:-**

| दर | इंडिगो | | इंडिका | | बोलेरो नियो N10 मॉडल 2025–26 | | एस0 एक्स 4 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वाहन का प्रकार | AC | NON AC | AC | NON AC | AC | NON AC | AC | NON AC |
| प्रतिमाह 1300 कि0मी0 तक के लिए निर्धारित | 24492/- | 23497/- | 22494/- | 21495/- | 33495/- | 32494/- | 33495/- | 32494/- |
| प्रतिमाह 1300 कि0मी0 तक से अधिक परिचालन की स्थिति में प्रति कि0 मी0 की दर | 7/- | 6/- | 5/- | 5/- | 8/- | 8/- | 8/- | 8/- |

नोटः–
- उर्पयुक्त निर्धारित दर इंधन, चालक, रात्रि ठहराव, निबंधन एवं रोड टैक्स रख रखाव आदि सहित होगें।
- द्वितिय पक्ष द्वारा व्यवसायिक रूप से झारखण्ड राज्य अंतर्गत निबंधित वाहन उपलब्ध कराना होगा।
- वाहन के मासिक विपत्र में नियमानुसार सेवा कर सहित अन्य सभी करो के रूप में देय राशि का अलग–अलग उल्लेख करना होगा।
- वाहन में किसी प्रकार की खराबी होने पर द्वितिय पक्ष को अविलंब उसी प्रकार का वाहन का वैक्लपिक व्यवस्था दो घंटो के अन्दर करनी होगी, यदि द्वितिय पक्ष अविलंब वाहन उपलब्ध नहीं कराते है तो प्रथम पक्ष को अधिकार होगा की किसी अन्य एजेंसी से तत्काल भाड़े पर वाहन ले लेगें तथा उसका पुरा व्यय द्वितिय पक्ष को करना होगा।
- एकरारनामा करने के समय द्वितिय पक्ष को घोशणा पत्र समर्पित करना होगा कि वह चालक का भुगतान स–समय करेगें।
- इसके अतिरिक्त अन्य Conditons की जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 373912 (Building) 25-26 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर

(2025–2026) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– DWSD/RM/08/2025-26 (1st Call)

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/डाउनलोड की तिथि/समय :– 06.03.2026 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :– 12.03.2026 को 3:30 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :– 12.03.2026 को 04:00 बजे अपराह्न में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :– नलकूपों के साधारण मरम्मति का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति विभागीय की जाएगी।)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | चैनपुर | 275 | 267517.00 | 5500.00 | 750.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 02 | रामगढ़ | 55 | 53503.00 | 1500.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 03 | पाटन | 200 | 194558.00 | 4000.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 04 | पड़वा | 72 | 70041.00 | 1500.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 05 | लेस्लीगंज | 180 | 175102.00 | 4000.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 06 | मनातु | 90 | 87551.00 | 1800.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 07 | तरहसी | 120 | 116735.00 | 2500.00 | 500.00 | 1 |
| 08 | पाँकी | 235 | 228606.00 | 4600.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 09 | सतबरवा | 105 | 102143.00 | 2100.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 10 | मेदिनीनगर | 165 | 160510.00 | 3300.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 11 | विश्रामपुर + नावा बाजार | 190 | 184830.00 | 3700.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 12 | पाण्डू + उँटारी | 135 | 131327.00 | 2700.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 13 | छत्तरपुर | 170 | 165374.00 | 3400.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 14 | नौडीहा बाजार | 110 | 107007.00 | 2200.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 15 | हरिहरगंज + पीपरा | 155 | 150782.00 | 3100.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 16 | हुसैनाबाद | 180 | 175102.00 | 3600.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |
| 17 | हैदरनगर + मोहम्मदगंज | 190 | 184830.00 | 3700.00 | 500.00 | 15 (पन्द्रह) दिन |

10. निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।
11. नलकूपों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए निविदा की जा रही है।
12. शिकायत प्राप्त होने के उपरांत 24 (चौबीस) घंटों में मरम्मति करना आवश्यक होगा, अन्यथा विपत्र से समानुपातिक राशि की कटौती की जायेगी।
13. विभाग से स्वीकृति उपरान्त राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 374072 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# पटना में होली 2026 को लेकर चाक-चौबंद इंतजाम, 600 से अधिक दंडाधिकारी तैनात

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** होली 2026 को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी है। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. और वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने संयुक्त रूप से सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है। दोनों अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि विधि-व्यवस्था से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों सहित कुल 607 स्थानों को चिह्नित कर 109 वरीय दंडाधिकारियों की निगरानी में 659 दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सशस्त्र बल और लाठी बल की भी पर्याप्त तैनाती की गई है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके। अनुमंडलवार व्यवस्था के तहत पटना सदर में 94, पटना सिटी में 163, दानापुर में 69, बाढ़ में 144, मसौढ़ी में 58 और पालीगंज में 79 स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनात रहेंगे। सभी अनुमंडलों के नियंत्रण कक्षों में तीन पालियों में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित हो सके।

सार्वजनिक स्थलों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन का सहारा लिया जा रहा है। पटना सदर क्षेत्र में पांच गश्ती दल लगातार पेट्रोलिंग करेंगे। क्विक रिस्पांस टीम (QRT), मोबाइल पार्टी और मोटरसाइकिल गश्ती दलों को भी सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई हो सके। होलिका दहन स्थलों पर अग्निशमन दस्ता तैनात रहेगा। गंभीर स्थिति से निपटने के लिए प्रमुख सरकारी अस्पतालों को तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल में इमरजेंसी व्यवस्था सुदृढ़ रखी गई है। जिला और अनुमंडल मुख्यालयों में एम्बुलेंस की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। होली के दौरान नदी घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर निजी नावों के परिचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। SDRF की सात टीमों को मोटर बोट और गोताखोरों के साथ तैनात किया गया है। सभी प्रमुख घाटों पर लाइफ जैकेट और अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रखे गए हैं। अवैध शराब निर्माण और तस्करी पर रोक के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी निगरानी बढ़ा दी गई है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल 24 घंटे सक्रिय है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। राज्य स्तर पर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की 35 कंपनियां, रेंज रिजर्व की 12 कंपनियां और सीएपीएफ की 3 कंपनियां तैनात की गई हैं। इसके अलावा हजारों प्रशिक्षु सिपाही, सहायक अवर निरीक्षक और गृहरक्षक भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए हैं। हर थाना क्षेत्र में QRT सक्रिय है और कंट्रोल रूम हर दो घंटे में स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। पूर्वी पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि होली को भाईचारे के साथ मनाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत डायल-112 या जिला नियंत्रण कक्ष को दें। प्रशासन का कहना है कि होली पर्व के शांतिपूर्ण समापन तक सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैदी से तैनात रहेंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### पटना में 15 मार्च को 7वां भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स, सिनेमा जगत की हस्तियां होंगी शामिल



**पटना।** भोजपुरी सिनेमा के 7वें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो का आयोजन 15 मार्च को राजधानी पटना के बापू सभागार में किया जाएगा। यह समारोह भोजपुरी फिल्म उद्योग के लिए एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सिनेमा जगत की नामचीन हस्तियां शिरकत करेंगे। सरस सलिल के इंचार्ज भानु प्रकाश राणा ने बताया कि यह अवॉर्ड शो अब बिहार की राजधानी पटना में हो रहा है, जो एक नए अध्याय की शुरुआत है। इस बार इसे और भव्य और बड़े स्तर पर किया जाएगा और दर्शकों के लिए यह मनोरंजन का शानदार अनुभव रहेगा।

भानु प्रकाश राणा ने बताया कि इस अवॉर्ड शो में नामांकित फिल्मों और कलाकारों को जूरी की ओर से चयनित कर विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस और स्टार नाइट मुख्य आकर्षण रहेंगे।

**डिजिटल युग के साथ बदला अवॉर्ड शो का स्वरूप:** भोजपुरी सिनेमा के कॉमेडियन रोहित सिंह मटरू ने बताया इस वर्ष के आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसका परिवर्तित फॉर्मेट है। बदलते समय और डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार को ध्यान में रखते हुए इस बार अवॉर्ड शो को तीन प्रमुख वर्गों में बांटा गया है। सिनेमा (थिएटर रिलीज फिल्में), ओटीटी प्लेटफॉर्म और यूट्यूब/टीवी कंटेंट के आधार पर बेस्ट अवॉर्ड्स दिए जाएंगे। आयोजन समिति से जुड़े बृहस्पति कुमार पांडेय ने बताया कि भोजपुरी कंटेंट अब केवल सिनेमाघरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ओटीटी और डिजिटल माध्यमों के जरिए विश्वभर में देखा जा रहा है। ऐसे में इन प्लेटफॉर्म पर कार्य करने वाले कलाकारों और तकनीशियनों को समान मंच देना समय की आवश्यकता है।

**2020 से शुरू हुआ सम्मान का यह सिलसिला:** सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स शो की शुरुआत 2020 में बस्ती जिले से हुई थी, जिसका उद्देश्य था भोजपुरी सिनेमा को एक व्यवस्थित और प्रतिष्ठित मंच देना था। लोकप्रिय पत्रिका सरस सलिल की ओर से शुरू की गई इस पहल ने कुछ ही वर्षों में भोजपुरी फिल्म उद्योग में अपनी विशेष पहचान बना ली। इसके बाद अयोध्या में 3 बार, बस्ती में 2 बार, इसका आयोजन हुआ था। लगातार इस आयोजन की भव्यता और सहभागिता में वृद्धि होती गई।

### राज्यसभा उम्मीदवारी को लेकर उपेंद्र कुशवाहा पहुंचे दिल्ली



**पटना।** राज्यसभा के पास सीटों के चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा को दिल्ली बुलाया गया है। जानकारी के अनुसार वे दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं, जहां उनकी मुलाकात भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से हो सकती है। राज्यसभा चुनाव को लेकर चल रही अटकलों के बीच कुशवाहा का यह दिल्ली दौरा खासा अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस मुलाकात में राज्यसभा उम्मीदवारी, आगामी चुनावी रणनीति और बिहार में गठबंधन की मजबूती जैसे मुद्दों पर चर्चा संभव है। बिहार में राज्यसभा की संभावित सीटों को लेकर सियासी दलों के बीच अंदरखाने मंथन जारी है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा का दिल्ली दौरा इस बात के संकेत दे रहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर कुछ बड़े राजनीतिक फैसले लिए जा सकते हैं। हालांकि, अभी तक न तो आरएलएम की ओर से और न ही बीजेपी की तरफ से किसी आधिकारिक बयान की पुष्टि हुई है। इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी के बीच संभावित विलय (मर्जर) की खबरें भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। पिछले कुछ समय से दोनों दलों के बीच बढ़ती नजदीकियों को इसी कड़ी में देखा जा रहा है। आगामी दिनों में दोनों पार्टी के औपचारिक विलय को लेकर के भी निर्णय लिया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार और पश्चिम बंगाल सहित 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी है, जिनमें बिहार की 5 सीटें भी शामिल हैं। इन सीटों के लिए आधिकारिक अधिसूचना 26 फरवरी 2026 को जारी की गई और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 5 मार्च तय की गई है। मतदान और मतगणना दोनों प्रक्रियाएं 16 मार्च 2026 को संपन्न होंगी। बिहार में जिन 5 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो रहा है, उनमें राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, रामनाथ ठाकुर (JDU), प्रेम चंद्र गुप्ता, अमरेंद्र धारी सिंह (RJD) और उपेंद्र कुशवाहा (RLM) शामिल हैं। इन सीटों पर जीत के लिए एनडीए और विपक्षी महागठबंधन अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

### होली के दिन सुबह नहीं चलेगी पटना मेट्रो, दोपहर 2:30 बजे से सेवा होगी शुरू, पाटलिपुत्र टर्मिनल से होगा संचालन

**पटना।** होली के दिन पटना मेट्रो के समय में बदलाव किया गया है। पटना मेट्रो 4 मार्च को सुबह के समय नहीं चलेगी। होली के अवसर पर पटना मेट्रो ट्रेन सेवाएं सुबह के सत्र में उपलब्ध नहीं रहेंगी। दोपहर 2:30 बजे से मेट्रो पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से फिर शुरू होंगी। इसके बाद मेट्रो ट्रेन सेवाएं सामान्य शेड्यूल के अनुसार संचालित होंगी। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा यह जानकारी दी गई है। होली के बाद पटना मेट्रो आज भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक दौड़ेगी। इसके लिए पहला ट्रायल गुरुवार को हुआ। पटना मेट्रो पहली बार शहर के अंदर दौड़ी थी। भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक 2.75 किमी में मेट्रो का ट्रायल रन किया गया था। इस दौरान सिग्नलिंग सिस्टम की कपैसिटी, ब्रेकिंग सिस्टम का प्रदर्शन, ट्रैक और ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन सिस्टम, स्टेशन समन्वय और संचार व्यवस्था, आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल, ट्रेन को निर्धारित अधिकतम गति तक चलाकर सभी सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया गया था। पटना मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक, भूतनाथ से मलाही पकड़ी के बीच 2.75 किमी में परिचालन की अंतिम तैयारी चल रही है। इसके बाद लोग मलाही पकड़ी से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक 6.2 किमी एलिवेटेड मेट्रो पर सफर करेंगे। इनके बीच पांच स्टेशन पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरोमाइल, भूतनाथ, खेमनीचक और मलाही पकड़ी में होंगे। खेमनीचक एलिवेटेड स्टेशन को एक्सचेंज स्टेशन बनाया जा रहा है। यहां से कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 दोनों तरफ जाने वाली रूट की मेट्रो मिलेगी। इस कारण स्टेशन के निर्माण में समय लग रहा है।

### पवन सिंह का राज्यसभा जाना तय-करीबी गुंजन सिंह का दावा, हाल में नितिन नवीन से मिले थे पावर स्टार

**पटना।** भोजपुरी स्टार पवन सिंह के खास माने जाने वाले भोजपुरी गायक गुंजन सिंह ने बड़ा दावा किया है। गुंजन सिंह ने कहा है कि पवन सिंह का राज्यसभा जाना तय है। उन्होंने कहा कि नोटिफिकेशन आने दीजिए। सब क्लीयर हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह को जवाब दिया है। अक्षरा सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा था कि, पवन सिंह सड़ा हुआ नाम है। इस पर गुंजन सिंह ने कहा, 'जब साथ थी तो क्या-क्या नहीं करती थीं। कल साथ थी तो ठीक था। अब दूर होने पर पता नहीं क्या क्या कह रही है।' गुंजन सिंह ने खेसारी लाल को कहा कि पवन भइया के बारे में बोलने से पहले सोच कर बोला करो। दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन से पवन सिंह ने हाल ही में मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद पवन सिंह ने कहा था कि नितिन नवीन से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। राज्यसभा जाने पर उन्होंने कहा था कि जो भगवान चाहेंगे वही ना होगा। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव के वक्त पवन सिंह की आरा सीट से भी चुनाव लड़ने की तेज चर्चा थी। हालांकि, पवन सिंह ने चुनाव तो नहीं लड़ा था लेकिन चुनाव में बीजेपी के लिए उन्होंने जमकर प्रचार किया था।

# वैशाली में देर रात सड़क हादसा, दादा की मौत, बेटा-बहू और पोता गंभीर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** वैशाली जिले में सोमवार की अहले सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना ने एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के घटारो चौक के पास करीब एक बजे तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो की टक्कर में एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज हाजीपुर सदर अस्पताल में चल रहा है। रामनगर टोला निवासी शिवकुमार सिंह अपने बीमार पोते को इलाज के लिए टेम्पू से घटारो की ओर ले जा रहे थे। ऑटो में उनके साथ बहू और पोता सवार थे, जबकि वाहन चला रहे थे उनका बेटा मौसम कुमार। परिवार इलाज की उम्मीद लेकर घर से निकला था, लेकिन बीच रास्ते में हादसे ने सबकुछ बदल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लालगंज की दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बहू, बेटा और पोता गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क पर गिर पड़े। वहीं शिवकुमार सिंह हादसे के बाद मौके पर नजर नहीं आए। स्थानीय लोगों ने खोजबीन की तो कुछ दूरी पर सड़क किनारे उनका शव मिला। सूचना मिलते ही करताहा थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर भेजा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। ट्रक चालक की पहचान और वाहन की बरामदगी के लिए कार्रवाई जारी है। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क पर देर रात ट्रकों की तेज रफ्तार और अनियंत्रित आवाजाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से स्पीड कंट्रोल और नियमित गश्ती बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# बिक्रम में छापेमारी के दौरान भगदड़, महिला की मौत के बाद सड़क जाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रम,पटना।** पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र स्थित अख्तियारपुर मुसहरी में सोमवार को मध्य निषेध विभाग की छापेमारी के दौरान भगदड़ मच गई। इस दौरान लक्ष्मीनीया देवी नामक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने बिक्रम-पाली मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जानकारी के मुताबिक मध्य निषेध विभाग की टीम अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने अख्तियारपुर मुसहरी पहुंची थी। कार्रवाई की सूचना फैलते ही वहां अफरातफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी भगदड़ में लक्ष्मीनीया देवी गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बिक्रम ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही ग्रामीणों में गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने लाठी-डंडे के साथ बिक्रम-पाली मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। ग्रामीण घटना की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी पंकज कुमार शर्मा समेत कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: डब्ल्यू2_623_सेफ्टी-फेंसिंग_एएसएन, दिनांक 25.02.2026;** प्रधान मुख्य अभियंता, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, 17, एन.एस. रोड, कोलकाता-700001 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल - सीनि. डीईएन/1/एएसएन एवं सीनि. डीईएन/2/एएसएन के अधिकार क्षेत्र के अधीन मौजूदा नई दिल्ली-हावड़ा रूट पर सीतारामपुर-झाझा अनुभाग में 130 किमी प्रति घंटा रूट पर स्टील डब्ल्यू-बीम/क्रैश बैरियर का प्रयोग कर सुरक्षा फेंसिंग, वेल्डेड मेश पैनल फेंसिंग का निर्माण, कुल 168 किमी [चेनेज: (i) जसीडीह-झाझा अनुभाग किमी. 320 से किमी. 364 तक (44 किमी अप एवं डाउन साइड) तथा (ii) सीतारामपुर-मधुपुर अनुभाग किमी. 230 से किमी. 257 तक (27 किमी अप एवं डाउन साइड) एवं सीतारामपुर-मधुपुर अनुभाग किमी. 276 से किमी. 292 (16 किमी अप एवं डाउन साइड)]। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 64,86,89,598.60। **बयाना राशि:** रु. 33,93,500। **समापन अवधि:** 18 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.04.2026 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदा दस्तावेज का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (MISC-411/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-ईटीएन-टीआईबी-8एसटीएन-2026, दिनांक 27.02.2026;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए एकल पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा ऐसे प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची ए: हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय अनुभागों में बेलानगर, बेगमपुर, बारुईपाड़ा, चंदनपुर, मसाग्राम (5 स्टेशन) में आईपीआईएस प्रणाली का प्रतिस्थापन। अनुसूची बी: हावड़ा मंडल के तहत उप नगरीय अनुभागों में कैकला, कालीनगर, नबग्राम स्टेशनों में टीआईबी का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 4,90,81,416.57; **बयाना राशि/बोली सुरक्षा:** रु. 3,95,400; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **बोली शुरू होने की तारीख:** 09.03.2026। **समापन अवधि:** 9 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 23.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा अपलोडिंग की तारीख एवं समय:** 27.02.2026 को अपराह्न 04.31 बजे।

(HWH-657/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# जेडीयू सांसद ने ही उठाया शराबबंदी खत्म करने का सवाल, एनडीए में बढ़ी हलचल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** बिहार में शराबबंदी कानून को लेकर सियासी तापमान एक बार फिर बढ़ गया है। जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन के भीतर से ही अब इस नीति पर सवाल उठने लगे हैं। सीतामढ़ी से जेडीयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने खुलकर कहा है कि शराबबंदी का उद्देश्य भले ही अच्छा था, लेकिन यह व्यवहारिक रूप से सफल नहीं हो पाई है और इसे हटाने पर विचार होना चाहिए। एक टीवी चैनल से बातचीत में देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि दुनिया में कहीं भी पूर्ण शराबबंदी सफल नहीं रही है। उन्होंने माना कि मुख्यमंत्री की मंशा समाज सुधार की थी—घरेलू हिंसा रोकने और गरीब परिवारों की आय बचाने के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया था। लेकिन उनके मुताबिक, जमीनी हकीकत यह है कि शराब आज भी उपलब्ध है, जिससे कानून की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने पड़ोसी राज्यों—उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल—का हवाला देते हुए कहा कि खुली सीमाओं के कारण अवैध शराब की आपूर्ति रोक पाना व्यावहारिक रूप से बेहद कठिन है। सांसद ने उस समय का भी जिक्र किया जब शराबबंदी लागू होने के बाद विधायकों और विधान पार्षदों को शराब न पीने की शपथ दिलाई गई थी। ठाकुर ने बताया कि वे उस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए थे। उनके अनुसार, उन्होंने मुख्यमंत्री से स्पष्ट कहा था कि वे बिहार की सीमा के भीतर कानून का पालन करेंगे, लेकिन राज्य के बाहर निजी जीवन में इसे लागू करना अलग बात है।

# चिराग के दफ्तर में होली, रंग-गुलाल के बीच गूंजे ढोल वीणा सिंह बोलीं- राज्यसभा पर अंतिम फैसला अध्यक्ष का

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के कार्यालय में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। रंग-गुलाल और ढोल-नगाड़ों के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं, वहीं चिराग पासवान ने भी कार्यकर्ताओं के साथ जमकर होली खेली और सभी को पर्व की बधाई दी।

**होली भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व- चिराग:** पारंपरिक गीत-संगीत के बीच कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। चिराग पासवान ने कहा कि, होली भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है, जो सभी को एकजुट करता है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व बिहार में सुख, शांति और विकास का संदेश लेकर आए।

**शादी के सवाल पर क्या बोले चिराग?:** कार्यक्रम के दौरान जब चिराग पासवान से उनकी शादी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि, 'इसका मेरे पास कोई जवाब नहीं है। लेकिन हर किसी के जीवन में खुशियों का संग बना रहे, यही जरूर चाहूंगा।'

**सांसद वीणा सिंह का बयान:** इस मौके पर एलजेपी (रामविलास) की सांसद वीणा सिंह ने कहा कि, 'पार्टी ने राजनीति में एक मजबूत मुकाम हासिल किया है और आगे भी संगठन को और सशक्त बनाया जाएगा। बिहार की जनता ने पार्टी को आशीर्वाद दिया है।

इसी का परिणाम है कि पार्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हम लोगों को जनता ने जो मजबूती दी है, उसके लिए हम आभारी हैं।' राज्यसभा में एक सीट की मांग को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इस विषय में अंतिम निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा और जो भी निर्णय लिया जाएगा, सभी कार्यकर्ता उसे स्वीकार करेंगे।

**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

**(ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –12 / औरंगाबाद / 2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :– दिनांक 19.02.2026
3. परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.03.2026 से 06.04.2026 को अपराहन् 3 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 09.03.2026 से 06.04.2026 को अपराहन् 3 बजे तक
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
6 प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–05.03.2026 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। :– दिनांक–06.03.2026 को 15:00 बजे मुख्य अभियंता(द0) का कार्यालय
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) :– दिनांक–07.04.2026 को 3:00 बजे अप0 तक (On Website www.eproc2.bihar.gov.in)
8 निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) :– तकनीकी बीड के उपरांत केवल Website www.eproc2.bihar.gov.in पर
9. निविदा वैधता की तिथि120 दिन
10. कार्य विवरणी:–

| क0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बीड प्रोसेसींग राशि +सर्विस टैक्स | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के विभिन्न भवनों तथा Heritage, 15 Court, Meadiation, FTC, Record Room में Fire Fighting कार्य | 180.846 /– | 3,62,000 / – | 10,000 /– | As Per Online Requirement | 6 माह |
| | **कुल** | **180.846 लाख** | | | | |

**PR. No. 025273 (BCD) 2025-26**

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमण्डल ,औरंगाबाद**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**

# संक्षिप्त समाचार

## श्याम मित्र मंडल का होली उत्सव 03 और 04 को

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल, रांची का होली उत्सव मंगलवार और बुधवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका और महामंत्री गौरव मुरारका ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सुबह 4.30 बजे पट खोला जाएगा, सुबह 05 बजे बाबा श्यामम को मंगला आरती, सुबह 05.45 श्रृंगार आरती, सुबह 06.15 बजे पट मंडल (पट बंद), शाम 07 बजे ग्रहण शुद्ध और रात 09.25 के बाद विशेष आरती होगी। वहीं बुधवार को सुबह 05.30 बजे मंगला पंच आरती और बाल भोग, सुबह 08.30 श्रृंगार पंच आरती और भोग और दोपहर 12.15 बजे शंख आरती और भोग लगाया जाएगा। वहीं सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रृंगार पंच आरती के बाद खाटू नरेश के साथ होली उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे बाबा का पट मंगल,शाम 04.30 विशेष श्रृंगार के साक बाबा का दर्शन, शाम 07 बजे ग्वानल भोग और ग्वागल पंच आरती, रात 08 बजे भोग, रात 08.30 शयन पंच आरती और रात के 9.30 बजे पट मंडल होगा।

## महिलाओं ने पुष्प होली मनाकर दिया सामाजिक एकता का संदेश

**खूंटी।** रनिया प्रखंड के हरा सुकू गांव में सोमवार को महिलाओं की ओर से पुष्प होली का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। गांव की सभी महिलाएं एकत्रित होकर होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुईं और फूलों के माध्यम से एक-दूसरे को सम्मान और प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि होली रंगों का पर्व है, लेकिन पुष्पों की होली समाज में सौहार्द और सम्मान को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि नारी कमजोर नहीं बल्कि शक्तिशाली है। महिलाएं यदि संगठित होकर जागरूक बनें, तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त होंगे। उन्होंने महिलाओं से अपने व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने और पड़ोसी गांवों तक आपसी संपर्क मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने होली के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भक्त प्रह्लाद और होलिका दहन की कथा का उल्लेख किया और कहा कि यह पर्व आसुरी शक्तियों पर सत्य की विजय का प्रतीक है। सेवा भारती के माध्यम से गांव-गांव में महिलाओं को सशक्त और ऊर्जावान बनाने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया। कार्यक्रम में प्रखंड संयोजक राज किशोर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। गांव की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाया।

# विधानसभा के समक्ष धरना देगा पान–तांती–स्वांसी समाज

**एजेंसी । खूंटी**



» पान–तांती–स्वांसी समाज का वार्षिक मिलन समारोह में एकजुटता एवं शिक्षा पर जोर

खूंटी के डोड़मा स्थित बिरसा शिशु विद्या मंदिर, आम बागान परिसर में सोमवार को दक्षिणी छोटानागपुर पान तांती स्वांसी समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में पान–तांती–स्वांसी समाज का वार्षिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां, रांची, खूंटी तथा सिमडेगा जिलों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में धरती आबा बिरसा मुंडा के गुरु आनंद पांड़ के वंशज सहदेव स्वांसी की विशेष उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। वक्ताओं ने हाल ही में गौरबेड़ा गांव में आनंद पांड़ की मूर्ति स्थापना को समाज के लिए ऐतिहासिक पहल बताया। समारोह को संबोधित करते हुए संस्थापक उमाकांत दास ने समाज की संवैधानिक मांगों के समर्थन में आगामी विधानसभा सत्र के दौरान तीन दिवसीय धरना आयोजित करने की तैयारी का आह्वान किया। केंद्रीय संगठन सचिव जितेंद्र दास ने शिक्षा को समाज के समग्र विकास की पहली शर्त बताते हुए आपसी एकजुटता पर बल दिया। वहीं केंद्रीय अध्यक्ष मोतीलाल दास ने मतभेद भुलाकर संगठित होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनंत तांती ने किया, जबकि अध्यक्ष बिशुन तांती ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह के समापन की घोषणा की। आयोजन को सफल बनाने में दक्षिणी छोटानागपुर पान-तांती-स्वासी समाज, खूंटी के लखीचरण तांती, विशाल तांती, गहनू तांती, सोमरा तांती, श्यामचरण तांती, दीपक तांती, जीतवाहन तांती सहित कई सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। समारोह में कोल्हान प्रमंडल पान (तांती) समाज कल्याण समिति और स्वांसी उत्थान समिति, खूंटी के पदाधिकारियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# जंगली हाथी कुएं में गिरा



**एजेंसी । खूंटी**

आम तौर पर जंगली हाथी का आतंक गांव देहात और खेत खलिहानों में ही देखने सुनने को मिलता रहा है, पर अब हाथी की इंट्री शहरों में हो गई। एक जंगली हाथी सोमवार को खूंटी शहरी क्षेत्र में घुस गया, पर गनीमत रही कि गजराज ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। लोगों और वन विभाग की ओर से खदेड़े जाने पर हाथी सेरेंग डीह के एक कुंआ में गिर गया। प्रशासन और वन विभाग की टीम हाथी को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास में जुट गई है। सोमवार को सुबह लगभग पौने दस बजे एक जंगली हाथी को दतिया गांव से खूंटी के नेताजी चौक की ओर आता देख लोगों ने अफरातफरी मच गई। हाथी को देखकर लोग हाथी के पीछे हल्ला मचाते हुए दौड़ने लगे। इस स्थिति में हाथी नेताजी चौक के समीप महात्मा गांधी धर्मशाला परिसर में घुस गया। इसके बाद धर्मशाला के बगल में स्थित अधिवक्ता प्रदीप गौंझू के आवास परिसर से होता हुआ नगर भवन परिसर में जा घुसा। शहर में जंगली हाथी के प्रवेश करने की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को हाथी से दूर रहने की अपील करने लगे। थोड़ी देर बाद नगर भवन परिसर से हाथी बाहर निकला फिर उसे सुरक्षित मारंगहादा की ओर जंगली क्षेत्र में खदेड़ने लगी। उसी दौरान हाथी कुआं में गिर गया।

## श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से मना अन्नपूर्णा महाप्रसाद

**रांची।** प्रणामी ट्रस्ट की ओर से संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में सोमवार को धूमधाम से मंदिर का 255 वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। भंडारा, पवन कुमार की ओर से पिता योगेंद्र प्रसाद सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर परिवार की ओर से आयोजित किया गया। इस मौके पर श्री राधा रानी का विशेष श्रृंगार किया गया। दोपहर में पुजारी अरविंद कुमार पांडेय ने विधिवत भोग लगाया। महाप्रसाद में मसालेदार पुलाव, पूड़ी, आलू-चना सब्जी और केसरयुक्त खीर का वितरण किया गया। इस दौरान सैकडों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया और जबकि दिनभर भक्तों ने दर्शन किया। मुख्य अतिथि स्वामी सदानंद महाराज ने सेवा और भक्ति को जीवन का आधार बताते हुए अन्नपूर्णा सेवा को मानवता की सच्ची साधना कहा। भजन संध्या में मनीष सोनी और सज्जन पाड़िया ने भक्तों को झूमाया।

## रांची में 2-3 सितंबर को मतदाता पंजीकरण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का होगा आयोजन

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने घोषणा की है कि मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची विषय पर 2 और 3 सितंबर को रांची में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय और झारखंड के मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को निर्वाचन सदन में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने सम्मेलन की आधिकारिक वेबसाइट www.icvrvr.org और ब्रोशर का शुभारंभ भी किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आईआईएम रांची, एनयूएसआरएल रांची और सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान साझेदार के रूप में शामिल होंगे। ये संस्थान मिलकर शैक्षणिक और शोध सहयोग प्रदान करेंगे। के. रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विभिन्न लोकतांत्रिक देशों, देश के विश्वविद्यालयों, शिक्षाविदों और चुनाव प्रबंधन विशेषज्ञों के विचारों को एकत्रित कर मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची से संबंधित विषयों पर एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करना है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 21 से 23 जनवरी तक भारत मंडपम में आयोजित आईआईसीडीईएम अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन सम्मेलन 2026 के दौरान झारखंड राज्य की ओर से मतदाता पंजीकरण और मतदाता सूची विषय पर प्रस्तुत व्याख्यान को अन्य देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों ने सराहा था। प्रेस वार्ता में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुबोध कुमार, प्रशिक्षण नोडल अधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन अधिकारी धीरज ठाकुर, आईआईएम रांची के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुभ्रा रजत बलबंतरे, एनयूएसआरएल रांची के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आनंदकुमार आर. शिंदे, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बी.के. सिन्हा तथा सेंट जेवियर्स कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. आशुतोष कुमार पांडे उपस्थित रहे।

## रांची के रातू में जंगली हाथी का उत्पात, एक ग्रामीण की मौत, एक अन्य घायल

**एजेंसी । रांची**

रांची के रातू थाना क्षेत्र स्थित चित्तरकोटा इलाके में सोमवार सुबह जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान सुबोध खलखो के रूप में हुई है, जबकि घायल व्यक्ति रौशन खलखो है, जिसका पैर टूट गया है। रातू थाना प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हाथी के हमले से एक व्यक्ति की जान गई है और एक अन्य घायल है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह चित्तरकोटा इलाके में एक जंगली हाथी को घूमते हुए देखा गया था। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथी को खदेड़कर जंगल की ओर भगा दिया। हालांकि, कुछ देर बाद हाथी फिर से रिहायशी इलाके में लौट आया और लोगों के बीच दहशत फैला दी। बताया जा रहा है कि हाथी अभी भी आसपास के क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले भी रांची के हटिया इलाके में एक जंगली हाथी देखा गया था। वह काफी देर तक रिहायशी क्षेत्र में घूमता रहा था। बाद में वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ दिया था। लगातार रिहायशी इलाकों में हाथियों की आवाजाही से लोगों में चिंता बढ़ गई है। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और हाथी दिखने पर तुरंत प्रशासन या वन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा
**जिला योजना अनाबद्ध निधि**
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा संख्या – 04/2025-26/RWD/GARHWAदिनांक – 02.03.2026
1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खरौंधी | RWD/GARHWA/ 68/2024-25 (2nd Call) | प्रखण्ड खरौंधी मेन बाजार से बैंक होते हुए डोमनी फुलवारी नदी तक नाली के साथ पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.630 कि0मी0) | 69.993 | उन्हत्तर लाख निन्यानबे हजार तीन सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 2 | काण्डी | RWD/GARHWA/ 74/2024-25 (2nd Call) | काण्डी प्रखण्ड के शिवपुर पंचायत के चेचरिया कला ग्राम में सामो पासवान के घर से झुमरी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (0.800 कि0मी0) | 70.213 | सत्तर लाख इक्कीस हजार तीन सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 11.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.03.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.03.2026 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा
PR 373992 Rural Work Department(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या
DWSD/GAR-RM-08/2025-26 (1st Call) दिनांक–02.03.2026

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
3. परिमाण विपत्र BOQ प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 05.03.2026 को 12:30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 11.03.2026 को 03:30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.03.2026 को 04:30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र BOQ प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in/office of the Executive Engineer, D.W & S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।
9. कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्टस की आपूर्ति प्रमण्डल स्तर से की जायेगी।

10.कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप सं0 | नलकूपों की संख्या (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा एवं डंडा | GAR/RM-01 | 400 Nos | 3,89,200.00 | 8,000.00 | 750.00 | 04 Months |
| 2 | रंका, रमकंडा एवं चिनियां | GAR/RM-02 | 300 Nos | 2,91,900.00 | 6,000.00 | 750.00 | 04 Months |
| 3 | मेराल एवं डंडई | GAR/RM-03 | 320 Nos | 3,11,360.00 | 6,500.00 | 750.00 | 04 Months |
| 4 | भण्डरिया एवं बड़गड़ | GAR/RM-04 | 265 Nos | 2,57,845.00 | 5,500.00 | 750.00 | 04 Months |
| 5 | मझिऑव, बरडीहा एवं कांडी | GAR/RM-05 | 270 Nos | 2,62,710.00 | 5,500.00 | 750.00 | 04 Months |
| 6 | नगर उॅटारी, रमना एवं विशुनपुरा | GAR/RM-06 | 290 Nos | 2,82,170.00 | 6,000.00 | 750.00 | 04 Months |
| 7 | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | GAR/RM-07 | 275 Nos | 2,67,575.00 | 5,500.00 | 750.00 | 04 Months |
| 8 | धुरकी एवं सगमा | GAR/RM-08 | 230 Nos | 2,23,790.00 | 4,500.00 | 500.00 | 04 Months |

नोट :– (1) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, अग्रधन की राशि देय होगा।
(2) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
PR 374012 Drinking Water and Sanitation(25-26).D



**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
Email: - nphussainabad@gmail.com

**बोरवेल रिंग मशीन निबंधन हेतु आम सूचना 2026–27**

हुसैनाबाद नगर पंचायत में डीप/सामान्य बोर (छोटे बड़े सभी) करने वाले सभी बोरवेल रिंग मशीन के वाहन मालिकों/आम नागरिकों को सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि पेयजल हेतु बोरिंग कराने के लिए हुसैनाबाद नगर पंचायत में शुल्क जमा करा कर अनुज्ञप्ति/अनापत्ति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के नगर निकाय क्षेत्र में बोरिंग,नलकूप बैठाने, कुआँ, तालाब, बोरिंग, चहबच्चा, कुण्ड या फुहारा इत्यादि कराना नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 209 के अन्तर्गत दण्डनीय है। इस संबंध में नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा सामान्य बोरिंग हेतु एक वर्ष के अनुज्ञप्ति के लिए 50,000.00 रु0 (पचास हजार रुपये) मात्र भुल्क, प्रति सामान्य बोर कराने पर वाहन मालिकों से 1500.00 रु0 (पन्द्रह सौ रुपये) मात्र एवं बोरिंग कराने वाले व्यक्ति से 500.00 रु0 (पाँच सौ रुपये) मात्र भुल्क निर्धारित है। इस संबंध में बोरवेल मशीन वाहन मालिक अनुज्ञप्ति के लिए दिनांक 28.02.2026 से 10.03.2026 तक निम्न नियम एवं शर्त के अनुसार निबंधन कराने हेतु कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. आवेदन शुल्क के रुप में 1000.00 रु0 नाजीर रसीद के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निबंधन हेतु 50,000.00 रु0 (पचास हजार रुपये) मात्र डिमांड ड्राफ्ट जो एक वर्ष के लिए मान्य होगा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के नाम से देय होगा।
3. बोरवेल वाहन से संबंधित अद्यतन कागजात जमा करना अनिवार्य होगा।
4. प्रदूशण से संबंधित अद्यतन कागजात।
5. वाहन बीमा से संबंधित अद्यतन कागजात।
6. वाहन मालिक का आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आई0डी0।
7. वाहन चालक का ड्राइविंग लाईसेंस एवं आधार कार्ड।
8. आवेदन के साथ इस बात का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि जमा किये गये सभी कागजात सही है।

बोरिंग करने वाले वाहन मालिक जो बिना अनुमति के बोरिंग करते पाये जाने पर 50,000.00 रु0 (पचास हजार रुपये) जुर्माना तथा वाहन जब्त की जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद
PR.NO.373946 District(25-26):D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General ManagerTransmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in two parts Part -I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 820/PR/JUSNL/ 2025-26 | Repair work of Quarter No. D/04, D/05 & D/06 (Colony campus of TZ -IV) along with external painting of office building of TZ-IV, Medininagar. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 12,900/- |
| 2. | 821//PR/JUSNL/ 2025-26 | Repair and Maintenance and Painting of boundary wall around the switch yard area and colony campus along with provision of concertina coil at 132/33 kV GSS, Latehar | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 20,000/- |
| 3. | 822//PR/JUSNL/ 2025-26 | R/M and painting of boundary wall around the colony campus of Transmission zone IV alongwith provision of concertina coil. | Rs. 886/- (including GST @ 18%) | Rs. 7,900/- |
| 4. | 823/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of materials for 400/220/132KV Grid -Sub Station Latehar. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 11,600/- |
| 5. | 824/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of materials for day to day maintenance of 132/33 kV GSS Daltonganj | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 18,000/- |
| 6. | 825/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of electrical equipment material for 132/33 kV GSS Garhwa Road | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 20,000/- |
| 7. | 826/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of 33 kV Current Transformer and Lightening Arrestor at GSS Daltonganj. | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 20,000/- |
| 8. | 827/PR/JUSNL/ 2025-26 | Procurement of electrical lighting materials for switchyard area & control room building and offices at 132/33 kV GSS Japla | Rs. 1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 13,000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **07.03.2026** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **27.03.2026** at 03:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **27.03.2026** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **28.03.2026** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ -IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/o pening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9835768602/ 9973936358.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar
PR 373960 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26)D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General ManagerTransmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Short e-Tender Notice**

Shorte-Tender in two parts i.e. Technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentionedwork:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | e-Tender fee , RS (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (RS) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 819/PR/JUSNL/ 2025-26 | For providing retaining wall in Tower Loc. No. 25 of 132 KV D/C Bhagodih-Garhwa Road Transmission line under Transmission Sub Division Garhwa Road. | 5,900.00 | 30,200.00 |
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | | | From 09.03.2026 at 12.00 PM to 23.03.2026 at 03.00 PM | |
| Start Date & Time of upload of BID | | | 09.03.2026 at 12.00 PM | |
| End date and time of upload of BID | | | 23.03.2026 at 03.00 PM | |
| BID Opening date for Technical Part (Part -I) | | | 24.03.2026 at 03.30 PM | |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | | | Will be communicated later on | |
| Tender Inviting Authority and address for communication | | | General Manager, Transmission Zone - IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near SinchaiVibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand | |

NOTE:-
1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in.Any details/clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact Mob. No. 8271433009for any enquiry. The bids willbe received through electronic tendering mode only.
2. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
3. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
4. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar
PR 373942 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd) 25-26 (D)

# विचार-मंथन

*लोकतंत्र का भविष्य पाठ्य पुस्तकों की पंक्तियों में ही आकार लेता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा में सत्य हो-पर संतुलित, आलोचना हो-पर रचनात्मक और संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए सुधार की राह भी खुली रहे। भ्रष्टाचार एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती है, पर उसका समाधान संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से नहीं, बल्कि उन्हें अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाकर ही निकलेगा।*

## संपादकीय

## शराब नीति केस से उठे नए कानूनी सवाल

आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कामकाज के तरीके और जांच की पद्धति पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। यह चिंता भी जताई जाती रही है कि आखिर इससे इन जांच एजंसियों की कैसी छवि बन रही है। मगर दिल्ली में शराब नीति से जुड़े कथित घोटाले के संबंध में विशेष अदालत का जो फैसला आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि क्या ये एजंसियां किसी खास मंशा के तहत सोच-समझ कर नेताओं या अन्य लोगों के खिलाफ मामला उठाती हैं और क्या उनका बेजा इस्तेमाल हो रहा है।गौरतलब है कि आबकारी नीति से संबद्ध मामले में विशेष अदालत ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य इक्कीस लोगों को आरोपमुक्त कर दिया। विशेष अदालत में हुई सुनवाई के बाद यही सामने आया कि अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के विरुद्ध जो भी आरोप लगाए थे, उसे साबित करने के लिए उनके पास कोई ठोस सबूत नहीं था। लापरवाही या हड़बड़ी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सीबीआइ ने अदालत में जो आरोपपत्र प्रस्तुत किए, उनमें न सिर्फ गंभीर खामियां थीं, बल्कि कई विरोधाभास भी थे।सवाल है कि देश की सबसे महत्त्वपूर्ण एजंसी इतने बड़े स्तर पर मामला उठाते हुए किसी आरोप पर किस तरह काम करती है, कैसे आरोपपत्र तैयार करती है कि उसे खारिज किए जाने का एक आधार उसमें विरोधाभास होना होता है। यह मामला वर्ष 2021-22 के दौरान दिल्ली आबकारी नीति से जुड़ा है, जिसका उद्देश्य राजस्व बढ़ाना और शराब के कारोबार में सुधार करना बताया गया था। हालांकि बाद में इसमें घोर अनियमितता के आरोप लगे और मामले की जांच सीबीआइ को सौंपी गई। इसके बाद ईडी और सीबीआइ की ओर से यह आरोप लगाया गया कि इस नीति के जरिए निजी कंपनियों को अनुचित फायदा पहुंचाया गया। इस आरोप में मनीष सिसोदिया और बाद में अरविंद केजरीवाल को भी गिरफ्तार किया गया था।सुनवाई के बाद अदालत ने पाया कि इस मामले में लगाए गए आरोपों के पक्ष में ठोस और विश्वसनीय सबूत नहीं थे।

# शिक्षा में न्यायपालिका: संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

**(ललित गर्ग)**

शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगा केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है- पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें। यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप। न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों- विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक् विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में संस्थागत अध्ययन का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों-संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे। शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी। अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएँगे।

## संक्रमित रक्त से मरीजों की जान पर खतरा

सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी अस्पतालों में मरीजों को रक्त चढ़ाने से होने वाले विभिन्न तरह के संक्रमण का पता लगाने के लिए न्यूक्लिक एसिड एंप्लीफिकेशन परीक्षण (एनएटी) की सुविधा के खर्च और उपलब्धता की जानकारी मांगी है।रक्तदान को महादान कहा जाता है, क्योंकि इससे लोगों को नया जीवन मिलता है। देश में रक्त की जरूरत के मुकाबले आपूर्ति आज भी काफी कम है। ऐसे में सरकार और सामाजिक संगठनों की ओर से रक्तदान के महत्त्व को समझाने तथा इसे प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैं। इसके अलावा, देश भर में जगह-जगह शिविर भी लगाए जाते हैं, ताकि लोग आसानी से स्वैच्छिक रक्तदान कर सकें।मगर सवाल है कि दान के माध्यम से जो रक्त एकत्र किया जाता है, वह दूसरे लोगों के लिए कितना सुरक्षित है? यह मसला चिंताजनक और संवेदनशील है, क्योंकि मरीजों को संक्रमित रक्त चढ़ाने और उससे कई तरह की जटिलताएं पैदा होने या जान जाने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने बीते बुधवार को देश भर के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को रक्त चढ़ाने से होने वाले विभिन्न तरह के संक्रमण का पता लगाने के लिए न्यूक्लिक एसिड एंप्लीफिकेशन परीक्षण (एनएटी) की सुविधा के खर्च और उपलब्धता की जानकारी मांगी है।दरअसल, शीर्ष अदालत में दायर एक जनहित याचिका में मांग की गई है कि देश के सभी रक्त बैंकों में ट्रांसफ्यूजन ट्रांसमिसिबल इन्फेक्शन (टीटीआइ) का पता लगाने के लिए एनएटी को अनिवार्य किया जाना चाहिए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के कूटनीतिक निहितार्थ

**(कमलेश पांडे )**

देखा जाए तो यह 2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा 2026 में हुई, जो द्विपक्षीय व्यापार को कई अरब डॉलर तक ले जाने में सहायक सिद्ध हुई। जहां तक इस यात्रा के रणनीतिक महत्व की बात है तो यह यात्रा बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव और अमेरिकी नौसेना की तैनाती के बीच हुई, जो इजरायल को मजबूती प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया इजरायल यात्रा भारत-इजरायल संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वैश्विक भू-राजनीति में बदलते समीकरणों को दर्शाती है। यह यात्रा पश्चिम एशिया की अस्थिरता के बीच रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देती है। इस बार मोदी ने इजरायल संसद केनेसेट को संबोधित किया, जहां उन्होंने 7 अक्टूबर 2023 हमले के बाद भारत के इजरायल समर्थन की पुष्टि की और ईरान द्वारा शह प्राप्त हमास की मानवता द्रोही कार्रवाई की भर्त्सना की। इसके अलावा, नेतन्याहू के साथ द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, व्यापार और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर जोर दिया। देखा जाए तो यह 2017 के बाद पीएम मोदी की दूसरी इजरायल यात्रा 2026 में हुई, जो द्विपक्षीय व्यापार को कई अरब डॉलर तक ले जाने में सहायक सिद्ध हुई। जहां तक इस यात्रा के रणनीतिक महत्व की बात है तो यह यात्रा बढ़ते ईरान-अमेरिका तनाव और अमेरिकी नौसेना की तैनाती के बीच हुई, जो इजरायल को मजबूती प्रदान करती है। वहीं नेतन्याहू का प्रस्तावित हेक्सागन गठबंधन (भारत, इजरायल, ग्रीस, साइप्रस आदि) चीन-पाकिस्तान-तुर्की धुरी के विरुद्ध एक रणनीतिक संतुलन भी बनाता है। यह वैश्विक कूटनीति में नहले पर दहले की तरह समझा जा रहा है। जिस तरह से भारत, इजरायल का सबसे बड़ा हथियार खरीदार बन चुका है, उससे दक्षिण एशिया और मध्य पूर्व की सुरक्षा का समीकरण प्रभावित होना स्वाभाविक है। इससे अमेरिका, चीन, रूस और यूरोपीय देशों को भी भारत की कूटनीतिक स्वायत्तता का एहसास हुआ है, जो भारत को एशिया की दूसरी और दुनिया की तीसरी-चौथी महत्वपूर्ण शक्ति बनाने की दिशा में सक्रिय है। जहां तक इस यात्रा के आर्थिक आयामों की बात है तो दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सकारात्मक चर्चा हुई, जो दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। खासकर आईएमईसी कॉरिडोर (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप) पर यूएई के साथ त्रिपक्षीय सहयोग से वैश्विक व्यापार को एक नया आकार मिलने की संभावना है। वहीं कृषि, जल प्रबंधन और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में इजरायली विशेषज्ञता भारत के विकास को काफी बढ़ावा देगी। शायद यही वजह है कि अरब जगत में खलबली मची है और इस्लामिक कट्टरता को हवा देने वाले पश्चिमी और पूर्वी देशों में बेचैनी भी। इस प्रकार की वैश्विक प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। जहां मोदी की इजरायल यात्रा से इस्लामी देशों की मीडिया में खलबली मची, क्योंकि यह इस्लामी उग्रवाद विरोधी एक्सिस का संकेत माना गया। वहीं फिलिस्तीन समर्थन बनाए रखते हुए अमेरिका को सिग्नल देते हुए भारत ने ग्लोबल साउथ में संतुलित भूमिका निभाई,। वहीं इस यात्रा ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वैश्विक छवि को मजबूत किया, जो गाजा संकट के बीच चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि आए दिन बढ़ते वैश्विक इस्लामिक कट्टरता परस्त आतंकवाद, भीड़ हिंसा और लक्षित हमलों से भारत और इजरायल दोनों को खतरा है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6020

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 6 | | 2 | | | | |
| | 8 | | 4 | | | | 9 | 3 |
| 3 | | | | 8 | 5 | | | 2 |
| 7 | | 9 | | | | | | 8 |
| | 5 | | | 7 | | | 4 | |
| 6 | | | | | | 7 | | 1 |
| 9 | | | 2 | 4 | | | | 5 |
| 2 | 6 | | | | 8 | | 7 | |
| | | | | 3 | | 1 | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6019

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 3 |

### वर्ग पहेली 6020

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | 8 | ■ | ■ | 9 | |
| | ■ | 10 | | 11 | 12 | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | 13 | | | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | | ■ | 18 | | |
| ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | | 23 | | ■ | 24 | ■ |
| 25 | | ■ | 26 | | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. इस शहर की प्रमुख ग्रेविटी इंडस्ट्री ने दुनिया का पहला जेट सूट तैयार किया है जिसे पहन कर उड़ा जा सकता है (नईदुनिया 15 जून)(3)
7. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
9. सौ हजार की संख्या (2)
10. एक रोग, अर्श (4)
13. बलराज साहनी अभिनीत 1947 की एक कला फिल्म जिसमें फारूखशेख ने भी अभिनया किया है (5)
16. पटना से करीब 90 किमी. स्थित पुण्य स्थान जहां विधिवत तिल आदि से श्राद्ध करे ने चार महापातकों से मुक्ति होती है (2)
19. लेखनी, हस्तलेख (3)
19. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
21. वर्जित, निषिद्ध (2)
22. बड़वानी से 8 किमी. दूर जैन धर्म के मानने वाले लोगों का तीर्थ स्थल (5)
25. मूल्य, भाव, निर्ख (2)
26. कूटयुक्ति कर्ता, जुगतबाज, जुगाड़ु (4)

**ऊपर से नीचे**(2)
1. लंबा-तगड़ा (5)
2. समूह, गुट, गिरोह, समूह (2)
3. मुगलशासन में किसी रियासत का मुसलमान शासक, बादशाह का नाइब (3)
5. घोर आफत, विपत्ति (2)
6. सांठा, गन्न, ऊख (2)
8. नया आया हुआ, जो अभी आया हो (4)
11. हल जोतने वाले बैल, हल (2)
12. झूमते या इतराते हुए चलना (4)
14. समाधान, निराकरण (2)
15. भगवान विष्णु का पांचवा अवतार (3)
17. खानाबदोश, पर्यटन प्रिय (4)
20. दार्शनिक प्रणाली, राय, सलाह, वोट (2)
21. उपहास, विनोद, दिल्लगी, मखौल (3)
22. उत्तरकाल में, उपरांत (2)
23. वाद्यगत, चाल, रफ्तार (2)
24. मूल्यवान, कीमती, बहुमूल्य (2)

### वर्ग पहेली 6019 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ल | वा | अ | ख | बा | र | ■ |
| ह | ल | क | ■ | र | ■ | वि | श्व |
| ■ | क | ■ | आ | गो | श | ■ | स |
| सो | ना | ■ | स | न | क | ■ | न |
| म | ■ | ढा | का | ■ | ■ | ज | ■ |
| ना | गा | ■ | पं | चा | य | न | ■ |
| थ | ■ | पं | छी | ■ | य | म | क |
| ■ | हा | थी | ■ | जी | न | त | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य आपका साथ देगा और रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है. नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों से प्रशंसा मिल सकती है. व्यापार में नई योजना लाभदायक रहेगी. परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का वातावरण बनेगा. निवेश के लिए दिन अनुकूल है, लेकिन जोखिम से बचें. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और मानसिक शांति बनी रहेगी।

### वृष
आज कार्यों में व्यस्तता अधिक रहेगी. ऑफिस में नई जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं. आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निवेश करें. परिवार का सहयोग मिलेगा और घर का वातावरण सुखद रहेगा. विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन पेट से जुड़ी समस्या हो सकती है। ध्यान और योग से मानसिक शांति प्राप्त होगी।

### कर्क
आज रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी. नौकरी और व्यवसाय में प्रगति होगी. धन लाभ के योग हैं. परिवार में सहयोग मिलेगा और मित्रों के साथ समय अच्छा बीतेगा. प्रेम जीवन में खुशियाँ आएंगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निवेश करें. परिवार का सहयोग मिलेगा और घर का वातावरण सुखद रहेगा.

### सिंह
आज का दिन सकारात्मक रहेगा. कार्यक्षेत्र में नई योजनाएँ सफल होंगी. आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निवेश करें. परिवार का सहयोग मिलेगा और घर का वातावरण सुखद रहेगा. आर्थिक स्थिति बेहतर होगी. परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा. विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा और मानसिक शांति बनी रहेगी।

### मिथुन
आज भावनात्मक रूप से संवेदनशील रह सकते हैं. कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का साथ मिलेगा, जिससे काम आसान होगा. आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, परंतु अनावश्यक खर्च से बचें. परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है. जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

### कन्या
आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और महत्वपूर्ण निर्णय लेने का साहस मिलेगा. व्यवसाय में लाभ के संकेत हैं और नई साझेदारी बन सकती है. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. परिवार में सामंजस्य बना रहेगा. प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, परंतु खान-पान का ध्यान रखें।

### तुला
आज संतुलन बनाए रखना आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा. कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा. आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आय के नए स्रोत मिल सकते हैं. परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा. प्रेम जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निवेश करें।

### वृश्चिक
आज धैर्य और समझदारी से काम लेने की आवश्यकता है. कार्यस्थल पर किसी से मतभेद हो सकता है, लेकिन समझदारी से स्थिति संभाल लेंगे. धन लाभ के योग बन रहे हैं. आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निवेश करें. परिवार का सहयोग मिलेगा और घर का वातावरण सुखद रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. यात्रा के योग हैं, जो लाभदायक सिद्ध होंगे. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

### मकर
आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा. नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं. व्यापार में लाभ की संभावना है. परिवार का सहयोग मिलेगा और मित्रों से मुलाकात होगी. आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निवेश करें. परिवार का सहयोग मिलेगा और घर का वातावरण सुखद रहेगा. विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और ऊर्जा बनी रहेगी।

### कुंभ
आज मेहनत का फल मिलने का समय है. कार्यक्षेत्र में सफलता और प्रशंसा प्राप्त होगी. आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. परिवार में सुख-शांति रहेगी. जीवनसाथी के साथ संबंध बेहतर होंगे. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन तनाव से बचें। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निवेश करें. परिवार का सहयोग मिलेगा और घर का वातावरण सुखद रहेगा.

### धनु
आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा,लेकिन जल्दबाज़ी से बचना आवश्यक है. कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियाँ मिल सकती हैं, जिन्हें आप आत्मविश्वास से पूरा करेंगे. आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें, अचानक खर्च बढ़ सकता है. पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा और जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, परंतु सिरदर्द या थकान महसूस हो सकती है।

### मीन
आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है. कार्यस्थल पर विवाद से बचें और अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें. धन संबंधी मामलों में सावधानी बरतें. परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक तनाव कम होगा. विद्यार्थियों को पढ़ाई में एकाग्रता बनाए रखने की आवश्यकता है. यात्रा संभव है, लेकिन थकान हो सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड 25 अनंत संभावनाओं की ओर
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं
जोहार
संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड
PR. No.- 374079/IPRD/2025-26


बिहार सरकार
होली
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, बिहार सरकार
PR No.- 025323 (I & PRD)D. 2025-26



# पूजा का गुलाल किस धातु के बर्तन में रखने से दूर हो सकती हैं परेशानियां?

**हिंदू धर्म में होली के दिन अबीर यानी कि गुलाल का विशेष महत्व है। अब ऐसे में पूजा का गुलाल किस धातु के बर्तन में रखना चाहिए। जिससे शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।**

हिंदू धर्म में होली के दिन पूजा के गुलाल का विशेष महत्व है। यह न केवल रंगों का त्योहार है, बल्कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर और गुलाल लगाकर खुशियां मनाते हैं। होली के दिन, भक्त अपने इष्ट देवताओं को रंग और गुलाल अर्पित करते हैं। यह माना जाता है कि ऐसा करने से देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। राधा-कृष्ण की पूजा का इस दिन विशेष महत्व है।

भक्त उन्हें रंग-बिरंगे गुलाल से सजाते हैं और उनकी आराधना करते हैं। अब ऐसे में कई लोग भगवान को पूजा करने के दौरान सीधे गुलाल के पैकेट से ही रंग चढ़ा देते हैं, लेकिन इसे शुभ नहीं माना जाता है। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि पूजा का गुलाल किस धातु के बर्तन में रखना शुभ माना जाता है?

पूजा के गुलाल को तांबे या पीतल के बर्तन में रखना सबसे शुभ माना जाता है। ये दोनों धातुएं शुद्ध और पवित्र मानी जाती हैं, और इनका उपयोग अक्सर पूजा-पाठ में किया जाता है। तांबा एक शुद्ध धातु है, और यह माना जाता है कि इसमें सकारात्मक ऊर्जा होती है। तांबे के बर्तन का उपयोग अक्सर धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है, क्योंकि इसे पवित्र माना जाता है।

## पूजा का गुलाल भगवान को कैसे चढ़ाएं?

भगवान कृष्ण और विष्णु जी को पीला गुलाल चढ़ाना शुभ माना जाता है। आप चाहें तो उन्हें पीले रंग के फूल भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान गणेश को लाल रंग का गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें लाल सिंदूर भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान शिव को सफेद या नीला गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें बेलपत्र और धतूरा भी अर्पित कर सकते हैं।

देवी दुर्गा को लाल या गुलाबी गुलाल चढ़ाना चाहिए। आप उन्हें लाल चुनरी और फूल भी अर्पित कर सकते हैं। भगवान को गुलाल चढ़ाने के लिए, सबसे पहले उन्हें स्नान कराएं और नए वस्त्र पहनाएं। फिर, एक थाली में गुलाल और फूल रखें। भगवान की आरती करें और उन्हें गुलाल अर्पित करें। आप चाहें तो उन्हें मिठाई और फल भी अर्पित कर सकते हैं।



# रसभरे रंगों और उमंग का पर्व है होली

**होली रंगों का त्योहार है, रसभरे रंगों और उमंग भरे गीतों का पर्व है. यह फसल तैयार होने के बाद मस्ती की धुन में झूमते किसानों का उत्सव है, लोक आस्थाओं और सनातन परंपराओं का आयोजन है. कोई नहीं जो इसके रंग में रंगे बिना दामन बचाकर निकल जाए.**

भारतीय संस्कृति में प्रत्येक पर्व उत्सव के साथ-साथ आध्यात्मिक संदेश और जीवन दर्शन का प्रतीक होता है। उन्हीं पावन पर्वों में से एक है होली। जो रंगों, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम माना गया है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल बाहरी रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि अंतर्मन को प्रेम, करुणा और सद्भाव से रंगने का अवसर है। इस साल 3 मार्च को चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। इसलिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि रंग कब खेला जाएगा? ज्योतिष के अनुसार चंद्रग्रहण लगने के नौ घंटे पहले से सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। सूतक काल में किसी भी तरह के धार्मिक उत्सव मनाने से परहेज किया जाता है। ऐसे में होली 4 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। अगर शास्त्र सम्मत विधि की बात की जाए तो ग्रहण के समापन के उपरांत रंग खेल सकते हैं। इसलिए धुलंडी 4 मार्च को ही खेली जाएगी।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन सूर्यास्त के बाद, यानी प्रदोष काल में करना शुभ माना जाता है। उस समय पूर्णिमा तिथि होनी चाहिए और भद्रा समाप्त हो चुकी हो। द्रिक पंचांग के अनुसार पूर्णिमा के शुरुआती समय में भद्रा का प्रभाव रहता है। भद्रा काल में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता। इसलिए होलिका दहन हमेशा भद्रा खत्म होने के बाद ही करना चाहिए, तभी इसका पूरा शुभ फल प्राप्त होता है।

## चंद्रग्रहण का समय

पंचांग के अनुसार इस बार होली के साथ ही चंद्रग्रहण भी लगने जा रहा है, जो भारत में दृश्यमान रहेगा। इसलिए सम्पूर्ण भारत में ग्रहण का सूतककाल भी लागू रहेगा। भारतीय समयानुसार, चंद्रग्रहण 3 मार्च को दोपहर में 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा। जिसका समापन शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगा। अगर कुल अवधि की बात की जाए तो इस बार का चंद्रग्रहण 3 घंटे 27 मिनट तक दिखेगा।

## प्रह्लाद की अटूट भक्ति

होली का मूल संबंध भक्त प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकशिपु की कथा से जुड़ा है। हिरण्यकशिपु असुरराज था, जिसने अपने अहंकार में स्वयं को ईश्वर घोषित कर दिया था। किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। अनेक यातनाएँ देने के बावजूद प्रह्लाद की भक्ति अडिग रही। अंततः हिरण्यकशिपु की बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। किन्तु दैवीय न्याय देखिए, होलिका जलकर भस्म हो गई और प्रह्लाद सुरक्षित रहे। इसी स्मृति में होलिका दहन किया जाता है। यह दहन केवल लकड़ियों, गोबर के उपलों और बल्लों का नहीं, बल्कि अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और पाप प्रवृत्तियों का होता है।

## रंगों की होली

होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों की होली खेली जाती है। यह दिन सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम का प्रतीक है। छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, जाति-पंथ के भेद मिटाकर सभी एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। सनातन परंपरा में ब्रजभूमि में इस त्यौहार का विशेष महत्व है। वृंदावन और बरसाना की लठमार होली विश्व प्रसिद्ध है। इस त्यौहार राधा-कृष्ण की दिव्य लीलाओं की स्मृति है, जो ब्रज जी गलियों सहित पूरे भारत में आज भी जीवंत है।

होली रंगों के पर्व के साथ पकवानों और मिठाई का भी त्यौहार है। इस पर्व में हर घर में तरह-तरह की मिठाइयां और पकवान बनाए जाते हैं। आइए जानते हैं इस त्यौहार पर बनाएं जाने वाले कुछ खास पकवानों के बारे में-

**गुझिया:** गुझिया एक खास पकवान है, जिसके बिना इस त्यौहार का पर्व अधूरा सा रहता है। यह पकवान भारतवर्ष के लगभग हर घर में बनाया जाता है और लोग होली के रंगों के साथ गुझिया खाना व खिलाना खूब पसंद करते हैं।

**दही बड़े:** दही बड़े भी इस त्यौहार का एक खास पकवान है जिसके बिना होली अधूरी सी लगती है। इस त्यौहार पर यह पकवान खास तौर पर ब्रज के घरों में अवश्य बनाया जाता है।

**गुलाब जामुन:** गुलाब जामुन एक प्रसिद्ध भारतीय मिठाई है, जिसके बिना उत्सव का रंग ही फीका पड़ जाता है, इसलिए हर घर में इस त्यौहार के उत्सव में इस मिठाई को जरूर शामिल किया जाता है। घर वाले खुद भी इस मिठाई को बड़े चाव के साथ खाते हैं और होली मिलन के लिए आए मेहमानों को भी गुलाब जामुन जरूर खिलाते हैं।

इन मिठाई और पकवानों के अलावा घरों में गाठिये, नमकीन पूड़ियां और मालपुए भी इस त्यौहार का जायका बढ़ाते हैं।



# इस दिन खेली जाएगी रंगों की होली

**होलिका दहन की तिथि पर लोगों में भ्रम की स्थिति है। 3 मार्च को साल का पहला चंद्र ग्रहण भी पड़ रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि सोमवार 2 मार्च को सायं 5:57 बजे समाप्त होगी, इसके बाद पूर्णिमा तिथि का आरंभ प्रदोष काल में होगा। शास्त्रसम्मत निर्णय के अनुसार 2 मार्च को शाम 6:15 से रात 8:47 बजे तक प्रदोष काल में होलिका दहन करना शुभ और श्रेष्ठ रहेगा।**

## मथुरा

3 मार्च को पूर्णिमा तिथि प्रदोष काल से पूर्व ही समाप्त हो रही है। उस दिन चंद्रग्रहण भी निर्धारित है। 3 मार्च को चंद्रग्रहण का सूतक प्रातः 6:20 बजे से प्रारंभ होगा। ग्रहण का स्पर्श दोपहर 3:20 बजे, जबकि सायं 6:47 बजे मोक्ष होगा। सूतक काल में मंदिरों के पट बंद रहेंगे और पूजा-पाठ, मूर्ति स्पर्श, भोजन बनाना व ग्रहण करना वर्जित रहेगा। बालक, वृद्ध और रोगग्रस्त व्यक्तियों के लिए शास्त्रों में नियमों में शिथिलता का प्रावधान है। इसलिए रंगों से होली 4 मार्च को खेली जाएगी। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस बार होली पर दुर्लभ खगोलीय संयोग देखने को मिलेगा। 2 मार्च की शाम 5:56 के उपरांत पूर्णिमा तिथि प्रारंभ हो रही है। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होगा। चंद्र ग्रहण के 9 घंटे पूर्व से सूतक प्रारंभ होते है। होलिका दहन पूर्णिमा तिथि में ही किया जाता है। सागर पंचांग के अनुसार 2 मार्च को ही होलिका दहन करना शुभ रहेगा।

## 4 को खेली जाएगी होली

ज्योतिषाचार्य अनीता पाराशर ने बताया कि होलिका दहन 2 मार्च सोमवार को शाम 6:22 बजे से रात 8:53 बजे तक शुभ मुहूर्त में किया जाएगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण और सूतक काल होने के कारण इस दिन होली खेलना संभव नहीं होगा।

चंद्रग्रहण का सूतक काल 3 मार्च को प्रात 6:20 बजे से शाम 6:40 बजे तक रहेगा। ग्रहण और सूतक के कारण इस दिन होली खेलना वर्जित रहेगा

इसलिए 4 मार्च बुधवार को होली खेली जाएगी।





# बहुसांस्कृतिक समाज के जीवंत रंगों का प्रतीक होली

होली पर्व भारत में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जाने वाला प्राचीन पर्व है। होली पर्व हिन्दू पंचांग के अनुसार फाल्गुल महीने के शुक्ल पक्ष के अंतिम दिन पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली पर्व भारत में परंपरागत रूप से 2 दिन मनाया जाता है। पहले दिन फाल्गुन मास की पूर्णिमा को पूजा की होली मनाई जाती है। इस दिन होलिकादहन होता है। इस दिन गोबर के उपलों या लकड़ियों से भारत में जगह-जगह होली रखी जाती है। सभी लोग प्राचीन परंपराओं के अनुसार होली को पूजते हैं और रात में होलिकादहन होता है। जलती हुई होली के चारों ओर लोग परिक्रमा करते हैं तथा अपने और अपनों के लिए मनौतियां मांगते हैं। उत्तर भारत में होलिकादहन के दिन जलती हुई होली में गेहूं की बाली को भूनकर खाने की परंपरा है।

होली के दूसरे दिन चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को धुलेंडी यानी कि खेलने वाली होली मनाई जाती है। धुलेंडी के दिन लोग एक-दूसरे को सुबह उठकर गुलाल लगाने जाते हैं। इस दिन छोटे अपने बड़ों से गुलाल लगाकर आशीर्वाद लेते हैं। इस दिन लोग एक-दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं और पारंपरिक रूप से होली मनाते हैं। इस दिन घर-घर जाकर लोगों को रंग लगाया जाता है। धुलेंडी के दिन भारत देश के गली-मोहल्लों में ढोल बजाकर होली के गीत गाए जाते हैं और नाच-कूद किए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि होली के दिन लोग अपने गले-शिकवे और आपसी कटुता भूलकर एक-दूसरे से गले मिलते हैं और पुनः दोस्त बन जाते हैं। रंगों से होली खेलने और नाचने-गाने का दौर दोपहर तक चलता है। इसके बाद लोग नहा-धोकर थोड़ा विश्राम करने के पश्चात नए कपड़े पहनकर सांझ में एक-दूसरे के घर मिलने जाते हैं। लोग अपनी कटुता भुलाकर गले मिलते हैं और एक-दूसरे को होली पर पारंपरिक रूप से बनाई जाने वाली गुजिया और अन्य मिठाइयां खिलाते हैं।

अगर ब्रज की बात की जाए तो ब्रज में होली पर्व की शुरुआत वसंत पंचमी के दिन से ही हो जाती है। वसंत पंचमी के दिन ब्रज के सभी मंदिरों और चौक-चौराहों पर होलिकादहन के स्थान पर होली का प्रतीक एक लकड़ी का टुकड़ा गाड़ दिया जाता है और लगातार 45 दिनों तक ब्रज के सभी प्राचीन मंदिरों में प्रतिदिन होली के प्राचीन गीत गए जाते हैं। ब्रज की महारानी राधाजी के गांव बरसाने में होली से 8 दिन पहले फाल्गुन महीने की शुक्ल पक्ष की अष्टमी के दिन लड्डूमार होली से इस प्राचीन पर्व की शुरुआत होती है। इसके बाद फाल्गुन महीने की शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन से लठमार होली की शुरुआत होती है, जो कि होली का त्योहार खत्म होने तक लगातार चलती है।

पूरे विश्वभर में मशहूर बरसाना की लठमार होली में (हुरियारिनें) महिलाएं, पुरुषों (हुरियारों) के पीछे अपनी लाठी लेकर भागती हैं और लाठी से मारती हैं। हुरियारे खुद को ढाल से बचाते हैं। इस लठमार होली को दुनियाभर से लोग देखने को आते हैं। यह होली राधारानी के गांव बरसाने और श्रीकृष्णजी के गांव नंदगांव के लोगों के बीच में होती है। बरसाने और नंदगांव के बीच लठमार होली की परंपरा सदियों से चली आ रही है। होली पर्व पूरे देश में परंपरा, हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाने वाला त्योहार है। होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली पर्व हमारे देश में उपस्थित बहुसांस्कृतिक समाज के जीवंत रंगों का प्रतीक है। होली पर्व देश में हमारी संस्कृति और सभ्यता के मूल सहिष्णुता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देने वाला पर्व है। इस पर्व को सभी लोगों को शांति, सौहार्द और भाईचारे की भावना से मनाना चाहिए। देश के सभी नागरिकों को इस दिन सांप्रदायिक भावना से ऊपर उठकर अपने गले-शिकवे और कटुता का परित्याग कर बहुलवाद की भावना से अपने आपको रंगना चाहिए जिससे कि देश में शांति, सौहार्द, समृद्धि और खुशहाली कायम हो सके।

# डीएम ने की उत्तर कोयल नहर परियोजना की प्रगति समीक्षा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना (एनकेआरपी) के तहत बिहार भाग में संचालित निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नबीनगर, मदनपुर, अंबा एवं औरंगाबाद प्रमंडल क्षेत्रों में विभिन्न कार्य एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति का पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने कार्य एजेंसियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने राइट मेन कैनाल (आरएमसी) के विभिन्न पैकेजों के अंतर्गत मिट्टी कार्य, कैनाल लाइनिंग, संरचनाओं के निर्माण, भौतिक प्रगति एवं 31 मार्च की लक्षित तिथि के अनुरूप लंबित कार्यों की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की। परियोजना की कुल 77.69 किलोमीटर लंबाई के विरुद्ध अब तक लगभग 43.50 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई है। जिलाधिकारी ने इस बात पर चिंता जताई कि बीते एक सप्ताह में मात्र 2.02 प्रतिशत प्रगति हुई है और कार्यों में और तेजी लाने की आवश्यकता है।

बैठक में बताया गया कि पैकेज-7 के कार्य आवंटन की अनुशंसा 23 फरवरी 2026 को तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा एल-2 निविदाकर्ता के पक्ष में की गई है। वहीं वितरण तंत्र (डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम) से संबंधित शेष कार्यों के लिए पुनः निविदा प्रक्रिया जारी है। एनकेसीडी, गया (1/2 एवं 2/2) के तहत निविदा खोलने के बाद तकनीकी मूल्यांकन की प्रक्रिया प्रगति पर है। व्यय की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि आरएमसी कार्य के लिए 49.225 करोड़ रुपये की आवंटित राशि के विरुद्ध अब तक 35.75 करोड़ रुपये व्यय किए जा चुके हैं। भूमि अर्जन मद में औरंगाबाद एवं गया जिलों के लिए कुल 92.54 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जिनमें से 49.44 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं।

## होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फ्लैग मार्च

हसपुरा(औरंगाबाद)(नि.सं.)। रंगों के त्योहार होली में शांति बनाए रखने को लेकर पुलिस ने सोमवार को हसपुरा बाजार सहित क्षेत्र के सभी संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च हसपुरा थाना परिसर से निकल कर मेहंदिया रोड होते पीरू, रघुनाथपुर, किसुनपुर, अमझर शरीफ, नरसन, चहुंटा, मलहारा, जखौरा होते हुए पचरूखिया, सिहाड़ी बाजार से वापस लौटकर हसपुरा मेन बाजार, पटेल चौक, बस स्टैंड, हसपुरा ब्लॉक से होते थाना परिसर आकर समाप्त हुआ। थानाध्यक्ष एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतत्व में निकले फ्लैग मार्च में पुलिस के जवान व चौकीदार शामिल रहे।

## रफीगंज बीआरसी में हुला होली मिलन

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज के बीआरसी परिसर में बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित शिक्षकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक होली गीत गाकर उत्सव का आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान बीईओ अमर कुमार ने कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का पर्व है। होलिकादहन और होली पर विस्तृत चरचा किया। उन्होंने सभी से इस पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।





























